तापमान
अधिकतम 38.9 डिग्री
न्यूनतम 25.5 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 10 मई 2025

11 गर्मी में पानी बेचने का चल रहा खेल नगर निगम काट...


12 भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण पुलिस अफसर कर्मियों को...


# व्यापम की प्रवेश परीक्षाओं में घटे डेढ़ लाख अभ्यर्थी, वजह-अंतिम चरण में 12वीं के आधार पर दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बीते कई शैक्षणिक सत्रों से महाविद्यालयों में दाखिले के दौरान अंतिम चरणों में प्रवेश परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त किए जाने की प्रथा का असर आवेदन संख्या में दिखने लगा है। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जा रही प्रवेश परीक्षाओं में इस बार लगभग 1.5 लाख परीक्षार्थी बीते वर्ष की तुलना में घट गए हैं। अकेले बीएड और डीएलएड में ही 85 हजार कम आवेदन व्यापम को प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त बीएससी नर्सिंग और पीपीएचटी में भी आवेदन संख्या बीते वर्ष की तुलना में घटी है। दाखिले के वक्त दी जाने वाली छूट के कारण प्रवेश परीक्षा की गंभीरता समाप्त होती जा रही है।

शिक्षाविदों के अनुसार, इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम से लेकर नर्सिंग और फॉर्मेसी के कोर्स में भी छात्रों का रूझान धीरे-धीरे कम होने लगा है। इसके स्थान पर विद्यार्थी परंपरागत पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को तवज्जो दे रहे हैं। इसके कारण प्रवेश के अंतिम चरण तक भी सीटें नहीं भर पाती हैं। ऐसे में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम सहित कई कोर्स में अंतिम दौर में प्रवेश परीक्षा की बाध्यता समाप्त कर 12वीं के आधार पर एडमिशन दिए जा रहे हैं, ताकि छात्र संख्या बढ़ सके।

- बीएड में 63 हजार तथा डीएलएड में घट गए 22 हजार कैंडिडेट्स

हरिभूमि सरोकार

## बीते वर्ष बीएड में 2,53,649 और डीएलएड में 3,05,629 आवेदनों के साथ बना था रिकॉर्ड

### कोर्ट के आदेश ने बदली डीएलएड की स्थिति

प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए डीएलएड की डिग्री ही मान्य किए जाने संबंधित न्यायालय के आदेश के बाद स्थिति में परिवर्तन हुआ है। पूर्व में बीएड के लिए छात्रों की दीवानगी अत्यधिक थी, अब रूझान डीएलएड पाठ्यक्रम को ▸▸| शेष पेज 12 पर




ऐसी है स्थिति

- पिछले वर्ष बीएड के लिए रिकॉर्ड 2 लाख 53 हजार 649 आवेदन प्राप्त हुए थे। इस वर्ष 1 लाख 90 हजार आवेदन मिले हैं, जो बीते वर्ष की तुलना में 63 हजार कम है।
- डीएलएड के लिए पिछले वर्ष 3 लाख 5 हजार 629 आवेदन मिले थे। इस बार 2 लाख 83 हजार आवेदन मिले हैं, जो पिछले साल से 22 हजार कम हैं।
- बीएससी नर्सिंग के लिए 52 हजार 628 आवेदन 2024 में मिले, जबकि इस बार 45 हजार ही मिले हैं।
- इसी तरह पीपीएचटी के लिए पिछली बार 37 हजार 76 आवेदन मिले थे, जो इस बार 31 हजार में सिमट गए।
- प्रीएमसीए के लिए बीते वर्ष 7295 आवेदन मिले थे। इस बार सिर्फ 4400 आवेदन मिले थे।
- पीईटी के लिए 22,854 छात्रों ने पिछले वर्ष फॉर्म भरा था। इस बार 20 हजार 400 आवेदन ही मिले। पीईटी सहित बोस्ट बेसिक नर्सिंग व अन्य प्रवेश परीक्षाओं की आवेदन संख्या में बीते वर्षों की तुलना में प्रभावित हुई है।

## खबर संक्षेप

### आपसी रंजिश पर चाकू से जानलेवा हमला

**रायपुर।** कोतवाली थाने में एक महिला ने तीन बदमाशों के खिलाफ आपसी रंजिश पर उसके बेटे पर चाकू से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गंभीर रूप से घायल युवक का उपचार आंबेडकर अस्पताल में चल रहा है। युवक पर बदमाशों ने गुरुवार दोपहर दो बजे के करीब चाकू से हमला किया था। शीतल तिवारी ने भुवन तांडी, पंकज तथा गोल्डी नाम के बदमाश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने बताया है कि उसके दो बेटे आयुष तथा प्रत्युश तिवारी हैं। घटना दिनांक को महिला के दोनों बेटे दोपहर में भोजन कर रहे थे। इसी दौरान भुवन और उसके साथी घर के दरवाजे के जोर-जोर से पीटते हुए घर के अंदर दाखिल हुए और प्रत्युश के साथ मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने पर बदमाशों ने प्रत्युश की मां और आयुश के साथ धक्का मुक्की कर प्रत्युश के पेट, छाती में तीन से चार वार गंभीर रूप से किया और फरार हो गए।

### जातिसूचक गाली-गलौज कर मारपीट, अपराध दर्ज

**रायपुर।** माना धरमपुरा निवासी एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट तथा जातिसूचक गाली देने की शिकायत दर्ज की है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दिवाकर, विरेंद्र, विकास तथा राहुल शुक्ला के खिलाफ मारपीट तथा जातिसूचक गाली-गलौज करने के आरोप में अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधियन के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने दिवाकर तथा विरेन्द्र शुक्ला को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

### पुलिसकर्मियों को दिया आईआरएडी का प्रशिक्षण

**रायपुर।** सड़क दुर्घटना में घायल को तत्काल उपचार तथा मददगार को प्रोत्साहन राशि मिल सके, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस के एआईजी संजय कुमार शर्मा ने 20 थानों की पुलिस को इलेक्ट्रॉनिक डिटेल एक्सीडेंट रिपोर्ट कैसे तैयार करनी है, इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया है। आईआरडीए एप के माध्यम से सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल को डेढ़ लाख रुपए तक मुफ्त इलाज सुविधा मिलेगी। गंभीर रूप से घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को 5 हजार के बजाय 25 हजार रुपए सम्मान राशि दी जाएगी। इसके लिए सभी थानों के टीआई को एक्सीडेंट होने के बाद तत्काल आईआरएडी रिपोर्ट तैयार करने कहा गया है।

दूध कंपनियां कर रहीं जमकर मुनाफाखोरी, दूसरी कंपनियों को भी संघ कर रहा सप्लाई

# दूध के प्रोसेसिंग, परिवहन, पैकिंग पर 12 रुपए खर्च, कुल कीमत 47 रुपए, पर बेच रहे 70 तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

महंगाई पूरी तरह से बेलगाम होती जा रही है। जिसको मौका मिलता है, वह मुनाफाखोरी कर रहा है। अब दूध की बात ले लें। छत्तीसगढ़ में किसानों से दूध 33 रुपए लीटर में लिया जाता है, वह भी फैट वाला दूध। इस दूध के प्रोसेसिंग, पैकिंग और परिवहन को मिलाकर करीब 12 रुपए खर्च होते हैं। एक से दो रुपए डीलरों का कमीशन भी मिला लिया जाए, तो भी कुल मिलाकर दूध की कीमत होती है 47 रुपए, जबकि इसको बेचा जा रहा है 56 से 70 रुपए में। किसी भी चीज का उत्पादन करने वाला किसान हमेशा से ठगा जाता है। किसानों ▸▸| शेष पेज 12 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### प्रोसेसिंग के बाद दूसरी कंपनियों को बेच रहे 42 रुपए में

जानकारों का साफ दावा है कि देवभोग दुग्ध महासंघ किसानों से तो रोज 70 हजार लीटर दूध लेता है, लेकिन प्रदेश में उसका दूध 42 हजार लीटर के आस-पास ही बिकता है, बाकी का दूध दूसरी कंपनियों को प्रोसेसिंग करके 42 रुपए में पिछले दरवाजे से बेच दिया जाता है। दूसरी कंपनियां इसको महज पैकिंग करके ज्यादा दामों में बेचती हैं। इससे भी साफ है कि 33 रुपए के दूध में प्रोसेसिंग का खर्च 7-8 रुपए से ज्यादा नहीं है।


दूध में बड़ा खेल, किसानों से 33 में लेकर 68 रुपए लीटर तक में बेच रहीं कंपनियां

### अनुमानित खर्च 12 रुपए

किसानों से दूध लेने के बाद उसको परिवहन करके रायपुर लाने फिर प्रोसेसिंग करने और पैकिंग करने पर जानकारों के मुताबिक 12 रुपए के आस-पास ही खर्च आता है। ऐसे में दूध के दाम पैकिंग होने के बाद 45 रुपए पड़ते हैं, लेकिन इसको जहां तक बेचने का सवाल है तो अलग-अलग कंपनी वाले अलग-अलग दाम पर बेचते हैं। इसमें कई ब्रांड भी हैं। जहां तक देवभोग का सवाल है तो देवभोग के अलग-अलग ब्रांड के दाम भी अलग-अलग हैं। फैट वाला सुप्रीम दूध जहां 62 रुपए लीटर है, वहीं गोरस के दाम 57 रुपए हैं। पॉवर दूध के दाम 56 रुपए हैं। अन्य कंपनियों की बात करें तो अमूल का फैट वाला गोल्ड दूध सबसे महंगा 70 रुपए लीटर है। ज्यादातर कंपनियों के फैट वाले दूध के दाम 66 से 68 रुपए हैं। बिना फैट वाले दूध के दाम ही सबसे कम हैं। यही दूध सबसे ज्यादा बिकता है। इस दूध के दाम 56 से 58 रुपए लीटर हैं।

### अधिकारी खर्च बताने तैयार नहीं

किसानों से 33 रुपए में दूध लेकर इसको प्रोसेसिंग और पैकिंग करने तक कितना खर्च हो जाता है, यह देवभोग दुग्ध महासंघ के अधिकारी बताने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है, यह इंटरनल मामला है, इसका खुलासा नहीं किया जा सकता है। लेकिन जानकार यह जरूर कहते हैं कि ज्यादा मात्रा में दूध की प्रोसेसिंग और पेकिंग में खर्च कम आता है। यह खर्च 10 से 12 रुपए से ज्यादा नहीं होता है।

# भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला, हरमीत न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारतमाला प्रोजेक्ट के भू-अधिग्रहण मुआवजा राशि में 48 करोड़ रुपए घोटाला करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए चौथे आरोपी हरमीत खनूजा की पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने उसे ईओडब्लू की विशेष न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। भू-अधिग्रहण घोटाला के मामले में ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने हरमीत के साथ जमीन दलाल केदार तिवारी, उसकी पत्नी उमा देवी तिवारी तथा कारोबारी विजय जैन को 26 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। घोटाला के मास्टर माइंड हरमीत से पूछताछ ▸▸| शेष पेज 12 पर

- एक पखवाड़ा पूर्व हरमीत खनूजा सहित चार लोगों को ईओडब्लू ने गिरफ्तार किया था

### आने वाले दिनों में और लोगों के खिलाफ हो सकती है कार्रवाई

सूत्रों के मुताबिक ईओडब्लू की पूछताछ में हरमीत ने घोटाले से जुड़े कई और लोगों के नाम पुलिस को बताए हैं। हरमीत ने जिन लोगों के नाम बताए हैं, उनमें जमीन दलाल से लेकर राजस्व विभाग के अफसर, कर्मियों के नाम शामिल हैं। हरमीत ने जिन लोगों के नाम ईओडब्लू को बताए हैं, ईओडब्लू के अफसर उन लोगों के खिलाफ भी आने वाले दिनों में शिकंजा कस सकते हैं।

शिवनाथ के साथ अब अन्य चोरी की सुलझ रही गुत्थी

# एक ही ट्रेन में दो-दो वारदातों को अंजाम देता था मन्नार


हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शिवनाथ एक्सप्रेस में हुई 65 लाख की हाई-प्रोफाइल चोरी के साथ अन्य ट्रेनों में हुई चोरी की गुत्थी अब धीरे-धीरे खुलने लगी है। इस केस में जीआरपी के साथ-साथ आरपीएफ ने भी अहम भूमिका निभाई है। हरिभूमि से खास बातचीत में आरपीएफ कमांडेंट रमन कुमार ने बताया कि कैसे महीनेभर की बारीकी से की गई पड़ताल आखिरकार चोरों तक पहुंची। कमांडेंट ने बताया कि घटना के तुरंत बाद हमने सीसीटीवी खंगालना शुरू किया, लेकिन शुरुआत में कुछ हाथ नहीं लगा। फिर हमने बाकी ट्रेनों में उसी दिन हुई चोरियों की जानकारी जुटानी शुरू की।

तभी भाटापारा में भी एक यात्री का बैग चोरी होने की रिपोर्ट मिली। शक हुआ कि ▸▸| शेष पेज 12 पर

- ट्रेन के शातिर चोर अब्दुल मन्नार का ट्रैक रिकॉर्ड चौंकाने वाला

## सीआईबी भिलाई एमके मुखर्जी और आरपीएफ टीम ने महीनेभर तक की पड़ताल





### जीआरपी की पूछताछ जारी

मुंबई से हावड़ा रूट की ट्रेनों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला आरोपी अब्दुल मन्नान अब जीआरपी की पकड़ में है। बीते महीने ट्रेनों में हुई कई चोरी की घटनाओं को लेकर जीआरपी ने मन्नान से पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की जा रही है। जीआरपी को आशंका है कि बिलासपुर में हुई चोरी के पीछे भी मन्नान का ही हाथ हो सकता है। फिलहाल उससे लगातार पूछताछ की जा रही है और अन्य वारदातों की कड़ियां भी जोड़ी जा रही हैं।

### तीनों क्लास में टिकट बुक करता था आरोपी

ट्रेनों में शातिराना अंदाज में चोरी करने वाला अब्दुल मन्नार बीते 10 साल से लगातार रेलवे सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देता आ रहा था। आरपीएफ की जांच में सामने आया कि वह एक ही ट्रेन में ▸▸| शेष पेज 12 पर

चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा

# 16 दिन टाटा-इतवारी व 9 दिन टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रहेगी रद्द, मार्ग भी बदले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल अंतर्गत सिरम टोली चौक पर यातायात व्यवस्था सुधारने और यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से 4 लेन एलिवेटेड रोड सह रोड ओवरब्रिज का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 5 मई शुरू हुआ है और 30 मई तक चलेगा। निर्माण के दौरान विभिन्न तिथियों पर ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा, जिससे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ▸▸| शेष पेज 12 पर



### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां

- 11, 13 एवं 16 मई, 2025 को योग नगरी ऋषिकेश से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18478 योग नगरी ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया ईब, झारसुगुड़ा, सम्बलपुर सिटी एवं कटक होकर चलेगी।
- 16 मई, 2025 को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18477 पुरी-योग नगरी ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कटक, सम्बलपुर सिटी, झारसुगुड़ा एवं ईब होकर चलेगी।

### रद्द होने वाली गाड़ियां

- 12, 14, 19, 24, 25, 26, 27, 28, 29 मई को टाटानगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 13, 15, 20, 25, 26, 27, 28, 28, 29 एवं 30 मई 2025 को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 11 से 26 मई 2025 तक गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इतवारी-टाटानगर रद्द रहेगी।



RPR_Bhoomi_10_2025-02 alt_Layout 1 5/10/2025 12:28 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### आशीष वर्मा का असिस्टेंट मार्शल के पद पर चयन

**धरसींवा।** ब्लाक मुख्यालय से लगे मुर्रा गांव के एक होनहार युवा,



आशीष वर्मा ने एक बड़ी सफलता हासिल कि है। अपनी कड़ी मेहनत, अटूट लगन और मजबूत आत्मविश्वास के दम पर, आशीष अब छत्तीसगढ़ विधानसभा में असिस्टेंट मार्शल के प्रतिष्ठित पद पर चयनित हुए हैं। इससे पहले, आशीष वर्मा शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने पुलिस विभाग में उप निरीक्षक के पद पर भी कुशलतापूर्वक कार्य कर चुकें है।

### मनु प्रिया ने मिनी गोल्फ टूर्नामेंट में जीता कांस्य पदक



**तरपोंगी।** कलिंगा यूनिवर्सिटी में एमबीए की दूसरे सेमेस्टर की छात्रा मनु प्रिया खेमका ने अखिल भारतीय यूनिवर्सिटी मिनी गोल्फ टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतकर अपने विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 23 से 26 अप्रैल तक राजस्थान के झुंझुनू में जगदीश प्रसाद जवामल टाबरी विश्वविद्यालय में आयोजित की गई। रायपुर में रहने वाली मनु प्रिया ने अपनी मां रीना खेमका से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा मेरी मां मेरे पूरे सफर में मेरी सबसे बड़ी समर्थक रही हैं। इस प्रोत्साहन ने उन्हें टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद की। इस आयोजन के लिए मनु प्रिया को अनुभवी मिनी गोल्फ खिलाड़ी चैन कुमारी निषाद से कोचिंग मिली। उनकी कड़ी मेहनत और लगन ने न केवल उन्हें बल्कि उनके विश्वविद्यालय को भी गौरवान्वित किया है।

### मोखेतरा में श्री शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा आज से

**आरंग।** ग्राम मोखेतरा में 10 से 12 मई तक श्री शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। जिसमें 10 मई को कलश यात्रा, पंचांग पूजन, शिवाधिवास, 11 को अग्नि स्थापना, आवहित देवी देवताओं का पूजन, शिवाधिवास, 12 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा, रुद्राभिषेक, कुंभाभिषेक, हवन पूजन, भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### नेवरा में समाधान शिविर आयोजित



**तिल्दा-नेवरा।** नगर पालिका तिल्दा-नेवरा क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को बीएनबी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा प्रांगण में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों से जिला व ब्लॉक स्तर के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रजाति कर एसडीएम आशुतोष देवांगन, सीएमओ अनीश कुमार ठाकुर, तहसीलदार ज्योति मसीयारे, नायब तहसीलदार विपिन पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. खुमान वर्मा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राम पंजवानी, मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, सभापति रानी सौरभ जैन, ईश्वर यदु, राजकुमार गेंदें, विनोद नेताम, ग्वालिन बाई कोसले, पार्षद जयेश पैकरा, संतोष यदु, दिनेश दीनू,अन्य पार्षद गण, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश वर्मा, नरेंद्र शर्मा, सौरभ जैन, लक्खू नागवानी आदि के द्वारा किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सुशासन तिहार की प्रशंसा कर राज्य सरकार का गुणगान किए। शिविर स्थल पर अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर, उमाशंकर बंदे भी उपस्थित हुए। वहीं सभापति रानी सौरभ जैन ने उक्त शिविर में हरिभूमि की खबरों पर संज्ञान लेते हुए पशु चिकित्सालय में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की मांग की साथ ही पुलिस थाना नेवरा में स्वीकृत पदों के अनुसार स्टॉफ बढ़ाने की मांग प्रमुखता से की। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन दौलत धुरंधर शिक्षक के द्वारा किया गया।

---

**कार्रवाई : एक बालक स्थानीय, बाकी बाल श्रमिक झारखंड-बिहार से लाए गए थे**

# स्टील प्लांट में श्रम विभाग व पुलिस का छापा, 12 बाल श्रमिकों को किया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा /सिलयारी

राजधानी रायपुर से 18 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र धरसींवा-सिलतरा विकास की चकाचौंध के पीछे छिपे एक काले सच से पर्दा उठने के बाद सवालों के घेरे में है। सम्भव स्टील में बाल श्रम का सनसनीखेज भंडाफोड़ न केवल उद्योग प्रबंधन की क्रूरता को उजागर करता है, बल्कि सरकार और श्रम विभाग की कथित मुस्तैदी की भी पोल खोलता है।

श्रम विभाग की त्वरित कार्रवाई ने सम्भव स्टील के उस धोखे को जगजाहिर कर दिया, जिसमें मासूम बच्चों से काम कराया जा रहा था, जबकि कागजों पर उन्हें बालिग दर्शाया गया था। प्रबंधन के इस दावे को विभाग ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है कि उन्होंने सभी कर्मचारियों को आधार कार्ड देखकर काम पर रखा था। मौके पर मुक्त कराए गए बच्चों की निरीहता और कम उम्र ने साबित कर दिया कि या तो प्रस्तुत किए गए आधार कार्ड नकली थे या फिर उनमें छेड़छाड़ की गई थी। श्रम अधिकारी श्री संजय निराला ने इस गोरखधंधे पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को देखते ही उनकी उम्र स्पष्ट हो जाती है और प्रबंधन का यह तर्क उनकी आपराधिक जिम्मेदारी से बचने का एक शर्मनाक प्रयास है। श्रम विभाग अब इस बात की तह तक जाएगा कि क्या प्रबंधन ने जानबूझकर जाली दस्तावेज बनवाए और यदि हां, तो इसमें कौन-कौन शामिल हैं।



#### लाए गए श्रमिक

हमारे उद्योग में बाल श्रमिक के कार्य पर मैं जायदा कुछ नहीं बोल सकता क्यो कि सभी श्रमिक फैक्ट्री के दो ठेकेदारों के माध्यम से लाए गए हैं और उद्योग प्रबंधन आधार कार्ड के हिसाब से रखे हुए हैं।

**नीलेश कुमार सोनी,** एचआर हेड सम्भव स्टील कुथरेल धरसींवा

#### श्रम विभाग को सूचना मिली

श्रम विभाग को सूचना मिली थी कि सम्भव स्टील में काफी संख्या में बाल श्रमिकों से काम लिया जा रहा है जिसके तहत धरसींवा पुलिस और श्रम विभाग के आला अधिकारियों के साथ सयुक्त छापा मार कार्यवाही किया गया जहां दर्जन भर बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया व सभी बालकों को माना स्थित सम्प्रेक्षण गृह में भेजा गया है। धरसींवा थाना में उद्योग प्रबंधन व ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज करने आवेदन श्रम विभाग के तरफ से दिया गया है।

**संजय निराला,** क्षेत्रीय अधिकारी श्रम विभाग छग शासन

#### मुक्त कराया

श्रम विभाग और पुलिस की सयुक्त कार्यवाही करते हुए क्षेत्र के सम्भव स्टाइल में दबिश दिया गया जहां दर्जन भर बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। शुक्रवार शाम को श्रम विभाग ने फैक्ट्री प्रबंधन और ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही के लिए आवेदन पत्र दिए है।

**राजेंद्र दीवान,** थाना प्रभारी धरसींवा

#### औद्योगिक विकास की स्याह तस्वीरः कानून की धज्जियां, बचपन नीलाम

यह घटना प्रदेश के उस औद्योगिक परिदृश्य पर एक गहरा प्रश्नचिह्न लगाती है, जहां विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और मासूमों का बचपन नीलाम किया जा रहा है। राजधानी के इतने करीब एक बड़े औद्योगिक हब में बाल श्रम का फलना-फूलना यह दर्शाता है कि सरकारी तंत्र की निगरानी और क्रियान्वयन में गंभीर कमियां हैं। यह सिर्फ एक उद्योग का मामला नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में इस तरह के शोषण की आशंका को जन्म देता है।

#### बाल श्रमिक बिहार और झारखंड के

श्रम विभाग की माने तो एक बालक मात्र 14 वर्ष की है जो स्थानीय है बाकी बाल श्रमिक झारखंड-बिहार से लाए गए है । दिल दहलाने वाली बात यह है कि सम्भव स्टील में काम कर रहे अधिकांश बाल श्रमिक झारखंड और बिहार जैसे दूर-दराज के राज्यों से लाए गए थे, शायद बेहतर भविष्य के सपने दिखाकर। वहीं, इस शोषण का शिकार एक स्थानीय बच्चा भी हुआ है। श्रम विभाग अब इन मासूमों को सुरक्षित आश्रय दिलाने और उनके परिवारों तक पहुंचने की कवायद में जुट गया है।

#### प्रबंधन पर शिकंजा, व्यवस्था पर सवाल

सम्भव स्टील के प्रबंधन पर अब बाल श्रम निषेध अधिनियम के साथ-साथ धोखाधड़ी और जालसाजी के गंभीर आरोप लगने तय हैं। श्रम विभाग इस मामले को फास्ट ट्रैक पर ले जाकर यह सुनिश्चित करना चाहता है कि दोषियों को ऐसी सजा मिले जो दूसरों के लिए भी एक सबक हो। यह सिर्फ एक उद्योग के प्रबंधन को सजा दिलाने का मामला नहीं है, बल्कि उस व्यवस्था पर भी सवाल उठाने का समय है जो अपने ही नागरिकों के बच्चों को शोषण से बचाने में नाकाम रही है। उम्मीद है कि इस घटना के बाद सरकार और श्रम विभाग जागेंगे और औद्योगिक क्षेत्रों में श्रम कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए ठोस और पारदर्शी कदम उठाएंगे।

---

## सेना का मनोबल बढ़ाने कांग्रेसी तिरंगा मार्च में शामिल हुए : राजेन्द्र

**सिलयारी।** कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय से कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु के निर्देश पर रायपुर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष पंकज शर्मा रायपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्यासी पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष उधो वर्मा, पूर्व पार्षद श्री कुमार मेनन, पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सकलेन कामदार बिरगांव के महापौर नंदलाल देवांगन, रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष शिव सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद सुंदर जोगी, प्रदेश कांग्रेस के सचिव दिलीप सिंह चौहान, पूर्व पार्षद उत्तम साहू, विजय टंडन, धरसीवा जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, अविनाश निहाल राजा धनेश बंजारे, सजमन बाघ, रायपुर ग्रामीण से आए सैकड़ों कांग्रेस जनों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा को माल्यार्पण कर कालीबाड़ी चौक से मालवीय रोड होते हुए जय स्तंभ चौक प्रदेश स्तरीय तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।



## विजयनगरम से बरामद की गई दो नाबालिग, आरोपी गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** नेवरा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा अपनी दो नाबालिग बेटियों (उम्र 16 वर्ष 6 माह एवं 8 वर्ष) की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसमें बताया गया कि दोनों लड़कियाँ नाश्ता करने के बहाने घर से निकली थीं और वापस नहीं लौटीं। रिपोर्ट के आधार पर अपहरण की आशंका को देखते हुए थाना तिल्दा नेवरा में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना शुरू की गई।

जांच के दौरान सूचना मिली कि दोनों बालिकाएं आंध्रप्रदेश के विजयनगरम में हैं। तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम तुरंत रवाना हुई और विजयनगरम पहुंचकर आरोपी सिपाही कुमार, पिता शंभू सहनी, उम्र 20 वर्ष, निवासी जौकटिया, थाना मंझोलिया, जिला पश्चिम



चंपारण (बिहार) के कब्जे से दोनों नाबालिगों को बरामद कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 87, 64(2)(एम) तथा पॉक्सो एक्ट की धाराएं 04 व 06 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस की तत्परता से दोनों नाबालिगों को सुरक्षित मुक्त कर लिया गया और परिजनों को सौंपा गया। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## राज्यपाल से मिले रायपुर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरपोंगी

शुक्रवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा रायपुर के नवनियुक्त पदाधिकारी राजू शर्मा चेयरमेंन, डॉ. प्रीति नारायण वॉइस चेयरमेंन, पल्लवी पांडे कोषाध्यक्ष के द्वारा राज्यपाल से सौजन्य भेंट किया गया। पदाधिकारी द्वारा जिला रेडक्रॉस की गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई एवं विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 मई के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में किए गए रक्तदान शिविर से अवगत कराया गया। जिस पर राज्यपाल महोदय ने सुझाव दिया कि रेडक्रॉस सोसाइटी सिर्फ रक्तदान तक सीमित नहीं रहे साथ ही समाज के उत्थान उद्देश्य एवं मानव सेवा भावना के




साथ कार्य किया जाता हैं। जिला रेडक्रॉस के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए समय पर चिकित्सकीय परामर्श एवं जन जागरूकता हेतु रेडक्रॉस द्वारा कार्य किया सकता है। साथ ही वर्तमान परिवेश में बढ़ते हुए तनाव के कारण लोगों को कई तरह की मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए तनाव प्रबंधन एवं विभिन्न प्रकार के नशों से लोगों को दूर करने के लिए जन जागरूकता अभियान रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा किया जा सकता है। जिस पर राज्यपाल महोदय सहमत होते हुए अच्छे कार्य करने हेतु शुभकामनाएं दी।

## गांधी स्कूल की श्रेया बनीं नगर की टॉपर

**आरंग।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल आरंग के विद्यार्थियों ने एक बार फिर कड़ी मेहनत, समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और नगर पालिका आरंग का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष भी विद्यालय के छात्रों ने नगर पालिका आरंग एवं ब्लाक स्तर पर स्थान प्राप्त किया है। कक्षा बारहवीं में विद्यालय की छात्रा श्रेया ठाकुर ने 92.8% अंक अर्जित कर नगर पालिका आरंग की टापर बनीं एवं इसी विद्यालय के छात्र हिमांशु बंजारे 92% द्वितीय स्थान पर रहे। विद्यालय स्तर की प्रावीण्यता में तृतीय स्थान पर समर कुमार साहू 90%, चतुर्थ स्थान पर अंकिता साहू एवं अक्षत गुप्ता 88%, पंचम स्थान पर सुशील कुमार साहू 87.8%, अनिकेत वैष्णव 83.8%, अक्षांश शर्मा 81.8% एवं प्राची बंजारे 81.6% अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में भी विद्यालय स्तर प्रथम स्थान पर विभोर गिलहरे 93.67%, द्वितीय स्थान पर संस्कृति दीवान 92.17%, तृतीय स्थान पर तनिष्क भोंसले 90.50%, चतुर्थ स्थान पर आदित्य शर्मा 90 %, पंचम स्थान पर स्वस्ति गुप्ता 89 % तथा गरिमा चंद्राकर 87 %, दीक्षा साहू 86 %, प्रियांशु चंद्राकर 85.50%, मानसी चंद्राकर 85.33%, धारणा चंद्राकर 84 %, जागृति साहू 83.83%, विवेक सिंह बघेल 82.50% एवं कनिका वर्मा





ने 81.67% अंक अर्जित किए है। कक्षा बारहवीं के छात्र समर साहू ने जीवविज्ञान विषय में 100 अंक एवं कक्षा दसवीं के छात्र विभोर गिलहरे ने भी गणित विषय में 100 अंक प्राप्त कर विशिष्टता हासिल की। उल्लेखनीय है कि विद्यालय का बोर्ड परीक्षाओं में सदैव शानदार प्रदर्शन रहा है। संस्था के संचालक यशवंत कुमार चतुर्वेदी ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा, /"यह उपलब्धि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। हमारा प्रयास है कि हम छात्रों को केवल परीक्षा में ही नहीं, बल्कि जीवन में भी सफलता की राह दिखाएं। 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य, एकेडमिक डायरेक्टर एवं सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## स्कूल टॉपर बनीं जुड़वा बहनें, दसवीं में किया शानदार प्रदर्शन

**आरंग।** ग्राम पंचायत भानसोज स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की जुड़वा बहनों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। दोनों बहनों ने न केवल शैक्षणिक प्रतिभा का अद्भुत परिचय दिया, बल्कि पूरे कक्षा में क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त कर सभी को चौंका दिया। जननी साहू ने 83.5 % अंक प्राप्त कर कक्षा की टॉपर बनीं, वहीं उनकी जुड़वा बहन जयंत्रीन ने 80.3 % अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। पढ़ाई के प्रति उनकी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास



उनके इस शानदार परिणाम का मुख्य कारण बताया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य वंदना एस पाटिल ने कहा कि /"इन दोनों बहनों ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।/" जुड़वा बेटियों के पिता चम्मन लाल साहू ने बेटियों की सफलता का श्रेय उनके सतत परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। शाला विकास समिति अध्यक्ष भूपेश साहू ने दोनों जुड़वा बहनों की सफलता पर कहा कि यह सफलता न सिर्फ स्कूल के लिए प्रेरणा है, बल्कि समाज में बालिकाओं की शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश भी देती है। इस अवसर पर सरपंच जगमोहन बघेल, उपसरपंच संजीव चन्द्राकर, जनपद सदस्य अमर मांडले, अशोक साहू सहित अन्य अभिभावकों ने जुड़वा बहनों की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

#### पीएम श्री प्रियदर्शनी विद्यालय का परीक्षा परीणाम रहा उत्कृष्ट

**तिल्दा-नेवरा।** पीएम श्री प्रियदर्शनी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिंदी माध्यम विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें अंग्रेजी माध्यम से कक्षा दसवीं में मानस वर्मा 94.6 प्रथम, विभा सोनवानी 90.6 द्वितीय व 88.16 चंचल धुरंधर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । वहीं कक्षा 12वीं में नेहा वर्मा 93.8 प्रथम, निष्ठा शर्मा 91.2 द्वितीय,विनी नरवानी 87.00 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हिंदी माध्यम का भी परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कक्षा दसवीं में कुमकुम वर्मा 89.33 प्रथम, झलक साहू 89.16 द्वितीय व कल्पना साहू 86.00 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 12वीं में डाली यादव 88.2 प्रथम, शिवानी 87.4 द्वितीय व आरती 86.00 ने तृतीय स्थान प्राप्त कर पूरे विद्यालय व तिल्दा विकासखंड का गौरव बढ़ाया । छात्रों के द्वारा अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षकों के मार्गदर्शन व पालकों को श्रेय दिया गया। पालकों ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षकों के शिक्षण कार्य व मार्गदर्शन को मुख्य भूमिका अहम बताए । पालकों व एस .एम .डीसी के अध्यक्ष मनोज निषाद व सदस्यों के द्वारा छात्रों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं व उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।

#### भानसोज स्कूल में 12वींकी माया यादव प्रथम



आरंग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानसोज के कक्षा 12वीं की छात्रा माया यादव ने 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसने कुल 83.20 प्रतिशत प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया, बल्कि विद्यालय को भी गौरवान्वित किया। विद्यालय की प्रचार्य वंदना एस पाटिल ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि माया यादव की मेहनत, लगन और आत्मविश्वास इस सफलता के पीछे प्रमुख कारण हैं। वह विद्यालय की अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष भूपेश साहू, सरपंच जगमोहन बघेल, उपसरपंच संजीव चन्द्राकर, जनपद सदस्य अमर मांडले सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवम अभिभावकों ने छात्रा की उपलब्धि की सराहना की।

**पीएमश्री अरुंधती देवी स्कूल में कक्षा 1ली की रिक्त सीटों के लिए निकली लॉटरी**

## कक्षा पहली में प्रवेश के लिए 138 ऑनलाइन आवेदन, 2 निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

पीएमश्री अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा पहली में रिक्त सीटों के लिए 5 मई तक आवेदन मँगवाए गए थे, जो कि लोक शिक्षण संचनालय द्वारा निर्देशित था। साथ ही 5 से 10 मई के मध्य नवीन प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदनो की लॉटरी निकाले जाने का भी निर्देश है, जिसके लिए शाला विकास समिति के सहयोग से यह प्रक्रिया विद्यालय भवन में शुक्रवार को प्रातः 9 से 11 बजे के मध्य प्रस्तावित थी, जो पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न करा ली गई है। जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर के प्रतिनिधि के रूप में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के पर्यवेक्षण में यह प्रक्रिया सम्पन्न हुई। उन्होंने इसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्राचार्य हरीश शर्मा, उनके स्टॉफ एवं एसमडीसी सदस्यों को बधाई दी और



कहा कि पीएम श्री अरुंधती देवी उत्कृष्ट विद्यालय, आरंग न सिर्फ नगर में बल्कि पूरे प्रदेश में प्रतिष्ठित विद्यालय बन चुका है जहां पर प्रवेश पाने के लिए प्रतिवर्ष विद्यार्थियों की होड़ लगी रहती है ये हम सब के लिए गौरव का विषय है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष खिलेश धुरन्धर ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों, पालकों एवं नागरिकों को इसकी सूचना दी गई थी और अधिक से अधिक संख्या में पालक एवं नागरिक इस प्रकिया में शामिल हुए जिससे पूरी पारदर्शिता के साथ इसे सम्पन्न कराया गया जिसकी सूचना तहसील कार्यालय के सूचना पटल, जनपद पंचायत के सूचना पटल तथा नगर पालिका के सूचना पटल पर भी चस्पा की जा रही है।

#### एक सप्ताह के भीतर जमा करें दस्तावेज

प्राचार्य हरीश शर्मा ने बताया कि कक्षा पहली के लिए कुल 138 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए है जिसमे से 2 आवेदन रद्द माने गए है इसके साथ महतारी दुलार योजना एवं सुशासन तिहार योजना के तहत प्राप्त आवेदनों प्राथमिकता दी जानी थी, शासन द्वारा स्थापित मानकों के आधार पर लॉटरी प्रकिया करा ली गई है। चयनित बच्चों के अभिभावकों से अपील है एक सप्ताह के भीतर आवश्यक दस्तावेज जमा करें, तय समय सीमा के भीतर दस्तावेज जमा न करने की स्थिति में एडमिशन खारिज हो सकता है। इस दौरान उप प्राचार्य आकाश विश्वास एवं एचएम कनकलता वर्मा सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित थे। विकास पाठक, गौरव वर्मा, यश प्रधान एवं आकाश शर्मा आदि स्टॉफ एडमिशन सेल से जुड़े समस्त कार्यों में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिए।

## तिल्दा में आज लगेगी नेशनल लोक अदालत मामलों का होगा निपटारा

**तिल्दा नेवरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के आदेशानुसार तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश महोदय, रायपुर के निर्देशानुसार आगामी 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

यह लोक अदालत व्यवहार न्यायालय तिल्दा में न्यायाधीश भावेश कुमार वट्टी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न प्रकार के लंबित प्रकरणों का त्वरित और सरल समाधान किया जाएगा। इसमें सिविल प्रकरण, दांडिक प्रकरण (जिनमें समझौता संभव है), मोटरयान अधिनियम से जुड़े प्रकरण, बैंक ऋण, बिजली विभाग और अन्य विविध मामलों को शामिल किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को न्यायिक प्रक्रिया से सरल, सुलभ एवं सुलह-समझौते के माध्यम से त्वरित न्याय प्रदान करना है। लोक अदालत में मामलों का समाधान बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के संभव है, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होती है।न्यायालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत का लाभ उठाएं और अपने लंबित प्रकरणों का समाधान प्राप्त करें।

## खबर संक्षेप



### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर 20 यूनिट रक्त संग्रहित

**रायपुर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने 20 यूनिट रक्त संग्रहित किया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में शिविर का आयोजन किया गया था। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमा पैंकरा, जिला रेडक्रॉस के चेयरमैन राजू शर्मा, वाइस चेयरमैन डॉ. प्रीति नारायण, कोषाध्यक्ष पल्लवी नितिन पाण्डेय, प्रबंध समिति सदस्य डॉ. श्वेता सोनवानी, रेडक्रॉस ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. एसएन पाण्डेय, प्रबंध समिति के सदस्य गजेंद्र डोंगरे शामिल रहे। इस दौरान डॉ. पाण्डेय ने लोगों को रक्त, नेत्र, अंग एवं देहदान की महत्ता के बारे में जानकारी दी।

### कांदूल-गोबरा नवापारा में लगा समाधान शिविर



**रायपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम कांदूल और गोबरा नवापारा में समाधान शिविर लगाया गया। इस शिविर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजनों को लाभ मिल रहा है, उनकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। शिविर को रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित रहे। शिविर में आए आवेदनों का निराकरण करते हुए कई लोगों को मौके पर किसान किताब, उद्यानिकी विभाग की ओर से किसानों को मिनी किट और स्थानीय निवासियों को नया राशन कार्ड प्रदान किया गया। सांसद ने इस दौरान लाईब्रेरी के फर्नीचर के लिए 5 लाख रुपए, बसस्टैंड के लिए 5 लाख, सरस्वती शिशु मंदिर में सभागार के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपए और विधायक निधि से 10 लाख रुपए, नदी सफाई के 50 लाख रुपए और मनरेगा से तटबंध किनारे सड़क निर्माण की घोषणा की।

### सड़कों पर चलाया टीम प्रहरी अभियान



**रायपुर।** टीम प्रहरी अभियान के तहत शुक्रवार को नगर निगम के उड़न दस्ता टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों में सड़क कब्जा मुक्त अभियान चलाया। इसके तहत कहीं अवैध ठेला-गुमटियों को हटाया गया तो कहीं दुकान के सामान जब्त भी किए। जीई मार्ग पर आजाद चौक के पास सिंघ साइकल स्टोर के खिलाफ कार्रवाई कर सड़क तक रखी साइकिलों को जब्ती बनाया गया। इसी प्रकार नगर निवेश विभाग ने अवंति बाई लोधी चौक के पास मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से लगी दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। महाराजा अग्रसेन चौक से आमापारा चौक होकर आश्रम चौक तक मुख्य मार्गो पर लगी कई अस्थाई अवैध दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से जीईमार्ग पर आजाद चौक तक, सरोना क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर भी बैनर-पोस्टर जब्ती से लेकर अन्य कब्जा मुक्त अभियान चलाया गया।

### छग में स्वास्थ्य क्षेत्र को मिले उद्योग का दर्जा : डॉ. गुप्ता

**रायपुर।** एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) ने प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र को उद्योग का दर्जा दिए जाने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता और महासचिव अतुल सिंघानिया द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ में निजी क्षेत्र में अस्पताल और नर्सिंग होम मिलाकर 900 से ज्यादा स्वास्थ्य प्रदाता संस्थाएं संचालित हैं।

# दो माह बाद भी नहीं बनी मंडलों की कार्यकारिणी, जिलों की भी अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के भाजपा संगठन में बीते दो माह से मंडलों की नई कार्यकारिणी नहीं बन सकी है। मंडलों के कारण जिलों की कार्यकारिणी भी अटक गई है। मंडलों में कार्यकारिणी बनाने की कवायद चल रही है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी न बन पाने के कारण जिलों की कार्यकारिणी को लेकर कवायद प्रारंभ नहीं हो सकी है। सभी मंडलों की कार्यकारिणी का ऐलान होने के बाद भी जिलों की कार्यकारिणी बनेगी।

रायपुर शहर जिलों में भी 16 मंडलों की कार्यकारिणी फाइनल हो सकी है, लेकिन इसका ऐलान अभी बाकी है।भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया, इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

■ 30 फीसदी में बन सकी है नई टीम, बचे 70 फीसदी में इस माह बन पाने की संभावना भी कम



## पहले मंडल, फिर जिलों का नंबर

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया है। पहले इसकी डेडलाइन 10 मार्च रखी गई, इसके बाद इसको 20 मार्च किया गया, लेकिन पूरा मार्च महीना निकलने के बाद भी कार्यकारिणी नहीं बनी तो फिर अप्रैल में समय दिया गया। अप्रैल भी पूरा समाप्त होने के बाद इसके लिए मई में समय तय किया गया है। मई में भी दूसरा सप्ताह प्रारंभ हो गया है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी पूरी नहीं हो सकी है। जानकारों के मुताबिक, मुश्किल से 30 फीसदी मंडलों की कार्यकारिणी ही बन सकी है। बचे 70 फीसदी मंडलों की कार्यकारिणी के इस माह के अंत तक भी बनने की संभावना कम है। ऐसे में जिलों की कार्यकारिणी का भी इस माह बन पाना संभव नहीं लग रहा है। जिलों की कार्यकारिणी के बाद ही प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी, ऐसे में प्रदेश की कार्यकारिणी भी अटक सकती है। वैसे भी प्रदेश की कार्यकारिणी के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का भी इंतजार है।

### खरीफ-रबी 2025-26 के लिए भी 60:40 का ऋण

# सोसाइटी से नहीं मिलता कीटनाशक, नकद ऋण की सीमा 70 प्रतिशत करने की अनुशंसा नहीं मानी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में किसानों को खेती के लिए मिलने वाले ऋण में 60 प्रतिशत नकद और 40 प्रतिशत की सामग्री यानी खाद-बीज मिलता है, लेकिन इस ऋण नीति से किसानों को आपत्ति है। दरअसल किसानों को खाद बीज के साथ खेतों के लिए कीटनाशक भी खरीदना होता है। यह सोसाइटियों से नहीं मिलता। किसान कीटनाशक खुले बाजार से नकद ऋण की राशि से खरीदी करते हैं। इस मामले को लेकर पंजीयक सहकारी संस्थाएं ने नकद ऋण 70 प्रतिशत और सामग्री 30 प्रतिशत सामग्री के रूप में देने की सिफारिश छह साल पहले की गई थी, लेकिन इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### ये है किसानों की परेशानी

इस मामले को लेकर किसानों की परेशानी ये है कि उन्हें नकद के रूप में मिली ऋण राशि से खुले बाजार से कीटनाशक खरीदना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि इसकी वजह से कृषि कार्य प्रभावित होते हैं। सहकारी क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि इस व्यवस्था के कारण सहकारी बैंकों के व्यावसाय पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लिहाजा अब मांग की जा रही है कि खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए नकद ऋण 70 प्रतिशत व 30 प्रतिशत सामग्री दी जाए।

**नकद में खुले बाजार से खरीदना पड़ता है कीटनाशक**



### छह साल पहले उठा था मामला

किसानों को नकद ऋण और सामाग्री 60:40 के अनुपात में दिए जाने और इसे बदलकर 70:30 करने को लेकर किसान मजदूर संघ के संयोजक ललित चंद्रनाहू ने 2018 में पंजीयक सहकारी संस्थाएं को पत्र लिखा था। पंजीयक ने इस संबंध में जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों, प्राथमिक साख समितियों के द्वारा किसानों को दिए जाने वाले मध्यम कालीन और अल्पकालीन ऋण की अधिकतम सीमा पांच लाख रुपए में वृद्धि करने और नगद ऋण 70 प्रतिशत सामाग्री ऋण 30 प्रतिशत करने के लिए सचिव सहकारिता विभाग को पत्र लिखकर अनुरोध किया था। इसके बाद स्मरण पत्र भी भेजा गया, लेकिन जिला सहकारी बैंकों ने यह बदलाव नहीं किया। 2025-26 के लिए खरीफ और रबी फसलों के लिए 60 प्रतिशत नकद और 40 प्रतिशत ऋण की व्यवस्था रखी गई है।

### सोसाइटियों में क्यों नहीं बिकता कीटनाशक

राज्य की सभी सोसायटियों में किसानों को 40 प्रतिशत ऋण राशि के अंतर्गत बीज और खाद मिलती है, लेकिन सोसाइटियों में कीटनाशक उपलब्ध नहीं होते। इस संबंध में बताया गया है कि सोसाइटियों को कीटनाशक बेचने की अनुमति नहीं है। दरअसल कीटनाशक बेचने के लिए जिस लाइसेंस की पात्रता होती है, वह सोसाइटियों के पास नहीं होती है।

### किस फसल के लिए कितना ऋण

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर ने 2025-26 के लिए खरीफ,रबी, उद्यानिकी,और आर्गेनिक खेती के लिए अधिसूचित फसलों के लिए ऋणमान स्वीकृत किया है। इसके हिसाब से प्रति हेक्टेयर दर 60:40 के हिसाब से इस प्रकार रखी गई है। सिंचित धान 60 हजार, असिंचित 45 हजार, मूंगफल्ली 47 हजार, सोयाबीन 44 हजार, अरहर-तूअर 42 हजार, उड़द 25 हजार, मूंग 25 हजार मक्का 46 हजार रुपए।

### जून तक काम करें पूर्ण

# कचरा रेमीडिएशन के धीमे कार्य पर मूणत सख्त, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ भाजपा विधायक राजेश मूणत ने सरोना क्षेत्र में चल रहे कचरा रेमीडिएशन कार्य का किया निरीक्षण

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर के सरोना क्षेत्र में चल रहे कचरा रेमीडिएशन कार्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने यहां धीमी गति से चल रहे कार्य पर नाराजगी जताते हुए निगम के अधिकारियों तथा संबंधित ठेकेदार को कड़े निर्देश कि 30 जून तक किसी भी हाल में कार्य पूर्ण होना चाहिए, ताकि आगामी बारिश के सीजन में यहां पौधारोपण अभियान शुरू किया जा सके।

राजेश मूणत ने कहा कि कचरा रेमीडिएशन कार्य राजधानी के पर्यावरणीय संतुलन और नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील मामला है। उन्होंने निर्देश दिया कि अतिरिक्त मशीनें व संसाधन लगाकर कार्य की गति बढ़ाई जाए, ताकि समय-सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। इस अवसर पर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़, राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, निगम आयुक्त विश्वदीप, संत रविदास वार्ड के पार्षद अर्जुन यादव, एमआईसी सदस्य प्रतिनिधि सुनील चंद्राकर, अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित कार्यकारी एजेंसी हील ब्रो मेटेलिक प्रा. लि. के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# पेवर बेस वर्क में गड़बड़ी, 4 इंच की जगह कहीं दो तो कहीं डेढ़ इंच मिली मोटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**ठेका कंपनी अम्बे रियल इंफा का अनुबंध निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश**

राजधानी रायपुर के कई जोन क्षेत्रों में पेवर का कार्य चल रहा है। इस कार्य का ठेका अम्बे रियल इंफा कंपनी को दिया गया है। कंपनी द्वारा कराए जा रहे पेवर कार्य के बेस वर्क में गड़बड़ी मिली है। अनुबंध के अनुसार बेस वर्क की मोटाई चार इंच किया जाना था, लेकिन कंपनी अधिक कमाई के लालच में कहीं दो इंच तो कहीं डेढ़ इंच की मोटाई का बेस बनवा रही है। इस कारण इस कंपनी का अनुबंध निरस्त कर उसे ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए गए हैं।

### एक करोड़ का ठेका

अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के विभिन्न जोन क्षेत्रों में पेवर कार्य के लिए अम्बे रियल इंफा कंपनी को लगभग एक करोड़ रुपए का ठेका मिला है। कंपनी ने अब तक कितना कार्य किया है तथा इस काम के लिए अब तक कितनी राशि का भुगतान किया गया है, इसकी जानकारी विभाग से मिल नहीं पाई है। सूत्रों की मानें, तो अगर कंपनी का ठेका निरस्त होगा, तो जितना कार्य शेष बचा है, उसके लिए दोबारा टेंडर निकाला जाएगा।

### शिकायतों की जांच पर कार्रवाई के निर्देश

शहर के कई जोन क्षेत्रों में पेवर लगाने के लिए अम्बे रियल इंफा कंपनी को ठेका दिया गया है। इस कंपनी के खिलाफ निगम मुख्यालय से लेकर जोन कार्यालयों में लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि ठेकेदार द्वारा पेपर कार्य में गड़बड़ी की जा रही है और बेस वर्क की मोटाई चार इंच की जगह दो इंच से कम लगाया जा रहा है। इन शिकायतों के आधार पर निगम लोककर्म विभाग के अध्यक्ष दीपक जायसवाल, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा ने कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा जूनियर एवं उपअभियंता अर्जिता दीवान की उपस्थिति में नेताजी सुभाष स्टेडियम के सामने निर्माणधीन पेवर कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान अभियंताओं ने बेस वर्क की मोटाई की जांच भी की। इस जांच में बेस वर्क की मोटाई कहीं दो इंच तो कहीं डेढ़ इंच पाई गई। इस तरह ठेकेदार के खिलाफ मिली शिकायतें सही पाई गईं, जिसके आधार पर दीपक जायसवाल और मनोज वर्मा ने अधिकारियों को न केवल कंपनी से हुआ अनुबंध निरस्त करने के लिए कहा, बल्कि कंपनी के नाम को ब्लैक लिस्ट में डालने के भी निर्देश दिए।

# भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस की तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमला का मुंहतोड़ जवाब देते हुए आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया। सेना ने जो शौर्य, साहस और वीरता का परिचय दिया है, उसको देखते हुए प्रदेश कांग्रेस ने भारतीय सेना के सम्मान में राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी चौक कालीबाड़ी से जयस्तंभ चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली और सेना को सलामी दी। तिरंगा यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिव द्वय जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़ सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता का जयकारा लगाते हुए पदयात्रा की।

दीपक बैज ने कहा, तिरंगा यात्रा देश के मान और सम्मान, देश की एकता भाईचारा, एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए है। वर्तमान में हमारा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है। भारत की सेना पाक के आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दे रही है, इसके लिए कांग्रेस पार्टी सरकार के साथ खड़ी है। साथ ही सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए एकता, वीरता और उनके शौर्य के सम्मान में कांग्रेस पार्टी ने तिरंगा यात्रा निकाली। भारतीय सेना आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। आतंकवाद को जड़ सहित समाप्त करने के लिए आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त कर रही है।

**दीपक बैज बोले- कांग्रेस पार्टी सरकार के साथ खड़ी है**



तिरंगा यात्रा में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, सांसद ज्योत्सना महंत, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, विधायक कविता प्राण लहरे, पूर्व विधायकगण अमितेष शुक्ल, अरूण वोरा, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, अनिता शर्मा, विनय जायसवाल, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी, कन्हैया अग्रवाल, दीपक मिश्रा, सकलेन कामदार, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, पूर्णचंद पाढ़ी, महापौर नंदलाल देवांगन, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, उधोराम वर्मा, शिवसिंह ठाकुर, आकाश तिवारी, अमित शर्मा, मो. सिद्दीक, सुनील कुकरेजा, उषा रज्जन श्रीवास्तव, नवीन चंद्राकर, अशोक ठाकुर, दीपा बग्गा, प्रशांत ठेंगड़ी, दाउलाल साहू, बंशी कन्नौजे, श्रीनिवास राव, संगीता दुबे, डॉ. करूण कुर्रे, अनुभव शुक्ला, दिनेश तिवारी, योगेश तिवारी, कुमकुम झा सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए।

### स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया की समीक्षा बैठक, कमी दूर करने का मिला आश्वासन

# मेडिकल कालेजों में फैकल्टी की कमी, भर्ती, प्रमोशन और नियमितीकरण पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिकित्सा शिक्षकों की कमी से जूझ रहे मेडिकल कालेजों की समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके साथ यहां रिक्त पदों पर भर्ती, प्रमोशन और नियमितीकरण की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा शिक्षा पर जोर दिया गया। बैठक में विभिन्न तरह के दस बिंदुओं पर चर्चा की गई।



स्वास्थ्य भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर में हुई इस बैठक में दुर्ग स्थित शासकीय मेडिकल कालेज में करीब 80 फीसदी फैकल्टी की कमी है। इसके अलावा महासमुंद, कांकेर, कोरबा जैसे मेडिकल कालेज भी चिकित्सा शिक्षकों की समस्या से जूझ रहे हैं। इसकी वजह से उनकी मान्यता भी खतरे में आ जाती है। जिन कालेजों में संविदा शिक्षक है उनका सालों बाद भी नियमितिकरण नहीं हुआ है और ना नियमित शिक्षकों को प्रमोशन का लाभ मिला है। चिकित्सा विशेषज्ञों की सीधी भर्ती भी काफी समय से अटकी हुई है। इन समस्याओं के बारे में जानकारी लेने के बाद स्वास्थ्य सचिव ने समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा बैठक में सेवाओं की गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता तथा सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए बैठक में 10 प्रमुख एजेंडों पर चर्चा की गई। अफसरों को निर्देशित किया गया है कि संस्थाओं की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना को सर्वोपरि रखते हुए उन्नत चिकित्सकीय सुविधा सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में आयुक्त चिकित्सा शिक्षा शिखा राजपूत तिवारी, संचालक डॉ. यूएस पैकरा, अतिरिक्त संचालक डॉ. पुनीत गुप्ता सहित समस्त अधिष्ठाता, संयुक्त संचालक, अधीक्षक एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के अधीक्षक उपस्थित थे।

### कई कालेजों में अतिरिक्त पोस्टिंग

प्रदेश के कई कालेजों में फैकल्टी की समस्या से जूझ रहे हैं वहीं रायपुर समेत कई कालेजों में अतिरिक्त चिकित्सा शिक्षक अपनी पहुंच के दम पर सेवा दे रहे हैं। रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज के मेडिसीन, ईएनटी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, पैथोलॉजी, निश्चेतना में 1-1 तथा रेडियो डायग्नोसिस विभाग में 2 अतिरिक्त प्राध्यापक अपनी सेवा दे रहे है। जानकार लोगों का कहना है कि इन चिकित्सा शिक्षकों को अगर दूसरे शासकीय कालेजों में पदस्थ किया जाता है तो काफी हद तक समस्याओं को दूर किया जा सकता है।

### बारिश के पहले बड़े नालों की सफाई करने के निर्देश

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को जोन-10 कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि बारिश का सीजन शुरू होने से पहले जोन क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाकर सभी बड़े नालों को साफ करें, ताकि बारिश के दिनों में नालों के कारण लोगों को किसी भी प्रकार से परेशानी ना हो। बैठक में निगम जलकार्य विभाग अध्यक्ष संतोष सीमा साहू, एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह, जोन अध्यक्ष सचिन बी मेघानी, पार्षद गायत्री नौरंगे पिंकी सहित निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। महापौर ने बैठक में पेयजल, स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

**खबर संक्षेप**

## अभियंता भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा उप अभियंता सिविल और उप अभियंता विभागीय यांत्रिकी के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। आवेदन प्रक्रिया 9 मई से 2 जून तक चलेगी। परीक्षा 13 जुलाई को संभावित है। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों पर ये भर्तियां होंगी। व्यापम द्वारा नया नियम इस भर्ती परीक्षा से लागू कर दिया गया है। अर्थात आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को फीस भी भरनी होगी। केवल वे अभ्यर्थी जो परीक्षा में शामिल होंगे, उन्हीं की राशि लौटाई जाएगी।

## आरएसएस ने भारत सरकार और सैन्यबलों का किया अभिनंदन

**रायपुर।** पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना के पश्चात पाक प्रायोजित आतंकवादियों एवं उनके समर्थक तंत्र पर की जा रही निर्णायक कार्रवाई "ऑपरेशन सिंदूर" के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा, हिंदू यात्रियों के नृशंस हत्याकांड में आहत परिवारों को एवं समस्त देश को न्याय दिलाने हेतु हो रही इस कार्रवाई ने समूचे देश के स्वाभिमान एवं हिम्मत को बढ़ाया है। हमारा यह भी मानना है कि पाकिस्तान में आतंकियों, उनका ढांचा एवं सहयोगी तंत्र पर की जा रही सैनिक कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक एवं अपरिहार्य कदम है। राष्ट्रीय संकट की इस घड़ी में संपूर्ण देश तन-मन-धन से देश की सरकार एवं सैन्य बलों के साथ खड़ा है। पाकिस्तानी सेना द्वारा भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों एवं नागरिक बस्ती क्षेत्र पर किए जा रहे हमलों की हम निंदा करते हैं और जो इन हमलों का शिकार हुए, उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण पुलिस अफसर, कर्मियों को मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई से भारत तथा पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने की वजह से प्रदेश में किसी भी तरह कानून व्यवस्था में आसामाजिक तत्व व्यवधान पैदा न कर सकें, इसके लिए पुलिस अफसर, कर्मियों को मुख्यालय नहीं छोड़ने पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। पुलिस महानिदेशक अरुण देव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि वर्तमान परिस्थितियों में जहां अतिरिक्त अलर्ट जारी करने की आवश्यकता होती है, ऐसे में सभी पुलिस इकाई प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि किसी भी अधिकारी, कर्मचारी को अति आवश्यक परिस्थितियों में अवकाश एवं अनिवार्य शासकीय कार्यों के अतिरिक्त मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।



■ पुलिस मुख्यालय ने जारी किया आदेश

### एसएसपी ने दिए अलर्ट रहने के निर्देश

वर्तमान स्थिति को देखते हुए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने रायपुर पुलिस को अलर्ट जारी किया है। एसएसपी ने संदिग्ध तथा बाहरी लोगों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही ऐसे क्षेत्र जहां बाहरी लोगों की आवाजाही ज्यादा होती है, ऐसे स्थानों पर मुखबिर तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं।

### पूर्व की घटनाओं को देखते हुए सतर्कता

राजधानी में छह वर्ष पूर्व देश विरोधी गतिविधि में संलिप्त प्रतिबंधित सिमी संगठन से जुड़े सदस्य अजहर की गिरफ्तारी हो चुकी है। सिमी के एक अन्य सदस्य श्रवण की गिरफ्तारी रायपुर के खमतराई इलाके से हो चुकी है। इसके साथ ही दो माह पूर्व बांग्लादेशी नागरिकों के रायपुर से फर्जी दस्तावेज के माध्यम से पासपोर्ट बनवाकर इराक भागने की फिराक में रायपुर एटीएस मुंबई से गिरफ्तार कर चुकी है। घटना में शामिल अन्य आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त में नहीं आए हैं। इसे देखते हुए एसएसपी ने पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

### मारुति, टाटा, हुंडई, महिंद्रा एंड महिंद्रा सहित ज्यादातर कंपनियों की कारें 3 से 4 फीसदी महंगी

# कारों पर महंगाई की मार, अप्रैल माह में 20 फीसदी कम हो गया व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के साथ प्रदेश में भी मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंडई सहित ज्यादातर कंपनियों ने अपनी कारों की कीमत में विगत 1 अप्रैल से इजाफा किया है। इसका असर यह हो गया है कि अपने प्रदेश में पहले ही माह अप्रैल में 20 फीसदी कारोबार प्रभावित हुआ है, जबकि देश में इसका ज्यादा असर नहीं हुआ है। देश में एक फीसदी से ही कुछ ज्यादा कारोबार प्रभावित है। वैसे अप्रैल का माह छत्तीसगढ़ के लिए अच्छा नहीं रहा है। शादियों का सीजन होने के बाद भी इस माह बीते साल की तुलना में करीब आठ फीसदी वाहन कम बिके हैं। कारोबारियों का कहना है, आने वाले समय में इसकी भरपाई हो जाएगी।

कच्चे माल की कीमत ज्यादा होने का हवाला देते हुए ज्यादातर कार निर्माता कंपनियों ने अपनी कारों की कीमत में 1 अप्रैल से इजाफा किया है। जहां देश में सबसे ज्यादा बिकने वाली मारुति की कारों में ढाई से चार फीसदी तक का इजाफा हुआ है, वहीं दूसरी कंपनियों ने तीन फीसदी तक दाम बढ़ाए हैं। कारों के अलग-अलग मॉडल में अलग-अलग प्रतिशत के हिसाब से इजाफा हुआ है। जैसे रायपुर में मारुति की अर्टिगा कार पर करीब 22 हजार का इजाफा हुआ है। यह तीन फीसदी से कम है। इसी तरह से मारुति की इको कार की कीमत में वैसे तो 25 हजार तक का इजाफा हुआ है, लेकिन इसमें ऑफर के कारण दस हजार कीमत कम हो जा रही है। पहले इस मॉडल पर 20 हजार का डिस्काउंट मिल रहा था, जिसको अब 10 हजार कर दिया गया है। डिजायर की कीमत में करीब आठ हजार का इजाफा हुआ है। इसमें डिस्काउंट भी बंद हो गया है।



### अन्य वाहन भी कम बिके

बीते साल छत्तीसगढ़ ने आटोमोबाइल के सेक्टर में इतिहास रचा था। देशभर में अपने प्रदेश में ही सबसे ज्यादा ग्रोथ हुई थी, लेकिन नए सत्र का अप्रैल माह कुछ अच्छा नहीं रहा है। इस माह सभी वाहनों को मिलाकर 53146 बिके हैं, जबकि बीते साल अप्रैल में 57675 वाहन बिके थे। इस साल के अप्रैल में 7.85 फीसदी वाहन कम बिके हैं। बीते साल अप्रैल में 45431 दोपहिया बिके थे, इस साल 42190 बिके, जो 7.13 फीसदी कम है। दोपहिया वाहनों की कीमत में इजाफा न होने के बाद भी इसकी बिक्री कम हुई है, जबकि इस समय शादियों का सीजन चल रहा है।

### पहले माह ही बड़ा असर

ऑटोमोबाइल कारोबारियों का कहना है कि अभी कारों की कीमत में इजाफा होने का पहला ही माह है। पहले माह कुछ ज्यादा ही असर रहता है, यही वजह है कि इस माह करीब 20 फीसदी कारोबार प्रभावित हुआ है। सबसे ज्यादा बिकने वाली मारुति की कारों के साथ अन्य कारों पर भी असर पड़ा है। अप्रैल में इस बार 2388 कारें बिकी हैं, जबकि बीते साल इस माह 3006 कारें बिकी थीं। इस माह 20.56 फीसदी कारोबार कम हुआ है।

# पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं, रविवि ने अंततः आगे खिसकाई तारीख अब मई नहीं जून से होंगे पर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने समय-सारिणी बदलने के अपने रिकॉर्ड को इस बार भी कायम रखा है। छात्रों के विरोध के बाद रविवि ने समय-सारिणी बदल दी है। अब परीक्षाएं मई के स्थान पर जून से परीक्षाएं प्रारंभ होंगी। पूर्व में रविवि की परीक्षाएं 28 मई से प्रारंभ हो रही थी।

अब इसकी शुरुआत 3 जून से होगी। रविवि द्वारा बीते सप्ताह ही सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी की गई थी। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा इसका विरोध प्रारंभ हो गया था। छात्रों का कहना है कि रविवि अध्ययनशाला के अतिरिक्त महाविद्यालयों में भी पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं हो सका है। उन्होंने तिथि आगे बढ़ाए जाने की मांग की थी। छात्रों के विरोध पश्चात रविवि ने अध्ययनशालाओं और महाविद्यालयों को नोटिस जारी करते हुए 15 मई तक पाठ्यक्रम पूर्ण करने निर्देश दिए थे। महाविद्यालयों द्वारा इस आदेश का विरोध करते हुए कहा गया था कि इतने कम समय में पाठ्यक्रम पूर्ण कर पाना संभव नहीं, क्योंकि उन्हें सैद्धांतिक परीक्षाओं के पूर्व प्रायोगिक परीक्षाएं भी आयोजित करनी है। विचार-विमर्श के बाद अब रविवि ने अंततः समय-सारिणी बदल दी है। पूर्व में परीक्षाएं 30 जून को ही समाप्त हो रही थी, लेकिन अब पर्चे 9 जुलाई तक चलेंगे।


■ विद्यार्थियों ने की थी पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं होने की शिकायत

### एमकॉम और बीएड की समय-सारिणी भी घोषित

पूर्व में घोषित समय-सारिणी के दौरान रविवि एमकॉम द्वितीय वर्ष की परीक्षा तिथि जारी करना भूल गया था। जारी की गई संशोधित समय-सारिणी के साथ एमकॉम द्वितीय वर्ष के रिजल्ट भी जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा बीए-बीएससी-बीकॉम बीएड के टाइम टेबल भी शुक्रवार को रविवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। बीए-बीएससी-बीकॉम बीएड परीक्षाएं 4 जून से शुरू होकर 18 जून तक चलेंगी।

### बीएससी तृतीय वर्ष में 72% उत्तीर्ण

रविवि द्वारा शुक्रवार को बीएससी तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इस परीक्षा में 5 हजार 792 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 4179 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। 738 छात्रों को पूरक श्रेणी में रखा गया है, जबकि 129 छात्रों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। वहीं 34 छात्र ऐसे रहे, जो परीक्षा फॉर्म भरने के बाद भी इसमें अनुपस्थित रहे। इस तरह से नतीजे 72.15% रहे हैं। परीक्षा पुरानी पद्धति से आयोजित की गई थी।

# रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा और सुविधाओं का सघन निरीक्षण, वाणिज्य विभाग की टीम ने संभाला मोर्चा

■ सभी प्लेटफार्मों पर यात्रियों के लिए सुविधाओं का टीम ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं की जांच के लिए रेलवे ने सघन टिकट जांच अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने किया। अभियान का मकसद यात्रियों को सुरक्षित माहौल देना और रेल कर्मचारियों को आम लोगों से जोड़ना था। इसके तहत स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं, अनियमितताएं



और यात्रियों की समस्याएं जानने के लिए टीम ने निरीक्षण किया। इस अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अरविंद कुमार साव, टीटीई, रेलवे सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग के प्रचारक, निरीक्षक और अन्य कार्यालय स्टाफ भी शामिल रहे। सभी को यात्रियों की मदद के लिए सजग रहने को कहा गया है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि अगर उन्हें किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत स्टेशन या ट्रेन में मौजूद कर्मचारियों को जानकारी दें। रेलकर्मियों से भी कहा गया है कि वे अफवाहों से बचें और सही जानकारी को ही साझा करें।

## पेज 09 के शेष ...

### कोर्ट के आदेश ने...

लेकर अधिक हो गई है। पिछले साल की तुलना में इस बार भी बीएड की तुलना में डीएलएड के लिए अधिक आवेदन मिले हैं, जबकि प्रदेश में बीएड की 14,400 तथा डीएलएड की 6,720 सीटें हैं। बीते वर्ष दोनों ही पाठ्यक्रमों में रिकॉर्ड आवेदन प्राप्त हुए थे।

### दूध की प्रोसेसिंग,...

को उसके उत्पादन की सही कीमत तो नहीं मिल पाती है, लेकिन किसानों से माल खरीदने वाले जरूर बीच में कमीशन लेकर मालमाल हो जाते हैं। चाहे वह अनाज की बात हो या फिर सब्जी की या फिर अब हम दूध की ही बात कर लें। छत्तीसगढ़ में किसानों से देवभोग दुग्ध महासंघ दूध लेकर बेचने के काम करता है। प्रदेश के किसानों से दूसरी कंपनियां भी दूध लेती हैं।

### भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला...

करने कोर्ट से रिमांड हासिल की थी। भारतमाला परियोजना में भू-अर्जन मुआवजा राशि पाने के लालच में घोटाला करने के आरोप में ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने एक दर्जन के करीब जमीन दलाल, कारोबारी, एसडीएम, आरआई तथा पटवारी के एक दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई में हरमीत सिंह खूनाजा, केदार, उमा तथा विजय जैन का नाम प्रमुखता के साथ सामने आया। इन चारों के द्वारा जमीन घोटाला करने की साजिश रचने का आरोप है। इन चारों का सूत्रधार हरमीत खनूजा है। इसीलिए ईओडब्लू के अफसरों ने हरमीत से पूछताछ करने दो बार पुलिस रिमांड हासिल की थी।

### एक ही ट्रेन में...

दोनों वारदातें एक ही गैंग की हो सकती हैं। यहीं से जांच ने रफ्तार पकड़ी। टीम ने इतवारी स्टेशन के सीसीटीवी फूटेज को ध्यान से खंगाला, तो आरोपी अब्दुल मन्नार ट्रेन में चढ़ता दिखा। जब वही शख्स रायपुर में उतरा, तो उसके हाथ में वही ट्रॉली बैग था जैसा भाटापारा के यात्री ने चोरी की रिपोर्ट में बताया था। पूरे मामले में सीआईबी भिलाई एमके मुखर्जी ने महीनेभर तक पड़ताल की, जिससे आरोपी को पकड़ने में मदद मिली।

### तीनों क्लास में...

एसी फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड तीनों क्लास में टिकट बुक करता था। चोरी के बाद दूसरे कोच में चला जाता था। जहां रिजर्वेशन कन्फर्म हुआ, वहीं से चढ़कर वारदात को अंजाम देता। सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि वह कभी असली नाम और मोबाइल नंबर से टिकट नहीं बनवाता था। इससे जीआरपी और आरपीएफ की जांच लगातार भटकती रही। हालांकि, जब रायपुर स्टेशन और लाज से मिली आरोपी की तस्वीर नागपुर क्राइम ब्रांच को भेजी गई, तो पहचान तुरंत हो गई। नागपुर पुलिस ने पुष्टि की हां, यही वो मन्नार है, जो पिछले कई सालों से ट्रेनों में चोरी कर रहा है। इस खुलासे के बाद यह भी पता चला कि कई बार उसने एक ही ट्रेन में दो-दो यात्रियों को निशाना बनाया और लाखों की ज्वेलरी और नकदी लेकर उतर गया।

### 16 दिन टाटा-इतवारी...


की कई ट्रेनें प्रभावित होंगी। टाटा-इतवारी ट्रेन को 16 दिनों के लिए और टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस को 9 दिनों के लिए रद्द किया गया है। इसके अलावा दो ट्रेनों के मार्ग में भी परिवर्तन किया गया है। इतवारी रूट की ट्रेनें रद्द होने से दैनिक यात्रियों को खासी परेशानी हो सकती है। पहले से ही हावड़ा और मुंबई रूट की कई ट्रेनें रद्द चल रही हैं, ऐसे में अन्य ट्रेनों में भीड़ बढ़ने की संभावना है।




# दुर्ग का पारा 40 डिग्री के पार राजधानी में नहीं बदला मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मई में पड़ने वाली भारी गर्मी से प्रदेश के लोगों को दस दिन बीतने के बाद भी राहत मिल रही है। शुक्रवार को दुर्ग का पारा 40 डिग्री सेल्सियसस के पार हो गया मगर राजधानी के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ। अभी सरगुजा और बस्तर में हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा। प्रदेश में भारी गर्मी की शुरुआत होने में वक्त लगने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक मई के शुरूआती दिनों में असर दिखाने वाली गर्मी फिलहाल गायब है। विभिन्न तरीकों के मौसम तंत्रिकाओं के सक्रिय होने की वजह से नमी की मौजूदगी बनी हुई है जिसकी वजह से शुष्क और गर्म हवा असरदार नहीं है। माना जा रहा है कि प्रदेश में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति दूसरे पखवाड़े में ही बन सकती है। अभी वृद्धि का दौर तो जारी रहेगा मगर गति काफी धीमी रहने की वजह तापमान को सामान्य से अधिक होने के लिए वक्त लगने की संभावना है। शुक्रवार को प्रदेश के औसत तापमान में मामूली बढ़ोतरी हुई। शहर में दोपहर थोड़ी गर्मी महसूस हुई मगर पारा 38.9 से आगे नहीं बढ़ पाया। इसके अलावा दुर्ग के तापमान में भी थोड़ी वृद्धि हुई और पारा 40.2 तक पहुंचा।


■ सरगुजा और बस्तर में रहेगा हल्की बारिश का दौर



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 10 मई 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

सरोकार बढ़ाने 18 आयोग की वर्किंग...

## एग्जॉम अलर्ट

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन शुरू, अंतिम तिथि 31 जुलाई




**रायपुर।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह पुरस्कार पांच से 18 वर्ष से कम आयु (31 जुलाई 2025 तक) के ऐसे बच्चों को दिया जाएगा, जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति और विज्ञान-प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में असाधारण प्रदर्शन किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने जानकारी दी कि नामांकन https://awards.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। पात्र बच्चों के लिए नामांकन की आयुसीमा 5 से 18 वर्ष तय की गई है। कोई भी व्यक्ति या संस्था ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को नामांकित कर सकती है। इच्छुक बच्चे स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं।

#### 500 शब्दों का संक्षिप्त विवरण

नामांकन के लिए पंजीकरण के दौरान आवेदकों को अपना नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ई-मेल, आधार संख्या सहित अन्य जानकारी देनी होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 श्रेणी का चयन कर आवेदन भरना होगा। आवेदन पत्र में उपलब्धियों का 500 शब्दों का संक्षिप्त विवरण, आवश्यक दस्तावेज (पीडीएफ, अधिकतम 10 फाइलें) और हालिया फोटो (जेपीजी/पीएनजी) अपलोड करना अनिवार्य है। आवेदन ड्राफ्ट के रूप में सेव कर अंतिम तिथि से पहले संपादित कर जमा किया जा सकता है। अधिक जानकारी व आवेदन हेतु **https://awards.gov.in/** पर विजिट करें। सरकार का उद्देश्य इन पुरस्कारों के माध्यम से देशभर के युवाओं की प्रेरणादायक उपलब्धियों को पहचान देना और बच्चों के समग्र विकास के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना है।

## सिटी इवेंट

### स्वदेशी मेले में 25 हजार साड़ियों का कलेक्शन, बनारसी साड़ी लुभा रहीं



**रायपुर।** आकाशवाणी स्थित ग्रॉस मेमोरियल ग्राउंड में स्वदेशी मेले का आयोजन किया गया है। इस वर्ष मेले में 25 हजार से अधिक साड़ियों का कलेक्शन लाया गया है, जिसमें सभी साड़ियों की डिजाइन और फैब्रिक महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मेला प्रबंधक अनुराग मिश्रा ने बताया कि यहां देशभर के व्यापारी आए हैं, जो सभी राज्यों की एक विशेष कला एवं संस्कृति की झलक लेकर पहुंचे हैं। इस मौके पर 80 से अधिक स्टॉल सजाए गए हैं, जहां सभी स्टॉल की खासियत बनारसी साड़ी है। शहर की महिलाओं में बनारसी साड़ी का क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां रोजाना महिलाएं बनारसी साड़ी की खरीदी करने पहुंच रही हैं। मेले में नीता अंबानी, दीपिका पादुकोण जैसे चर्चित महिलाओं की डिजाइनर साड़ियों की कॉपी साड़ी सेट भी उपलब्ध हैं, जो महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई है।

#### लाखों की साड़ियों की कॉपी

स्वदेशी मेले में दुकान संचालक सोहेल के स्टॉल पर फिल्मी सितारों की डिजाइनर बनारसी साड़ियों का कलेक्शन है, जहां लाखों की साड़ियों का कॉपी साड़ी लाई गई है। इसकी कीमत 2-15 हजार रुपए तक तय की गई, जिसमें हैंडलूम की मदद से तैयार किया गया है। फैशनेबल लुक के लिए महिलाएं डिजाइनर साड़ियों की खरीदी करना पसंद कर रही। इन दिनों शहर की महिलाएं रेशमी साड़ी खरीदना पसंद कर रही, जो दिखने में हैवी लुक के साथ तैयार किया जाता है। इस साड़ी की खासियत है कि इसका वजन 50-100 ग्राम के बीच होता है।



#### बनारसी साड़ियों का क्रेज

स्वदेशी मेले में डिजाइनर साड़ियों का कलेक्शन विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जहां 15-50 हजार तक में मिलने वाली डिजाइनर बनारसी साड़ियां केवल 5-10 हजार में ही उपलब्ध हैं। दुकान संचालक संजय सिंह ने बताया कि स्टॉल पर हैंडलूम डिजाइनर साड़ियां उपलब्ध हैं, कॉटन सिल्क में तैयार रेशमी जरी की डिजाइनर साड़ी महिलाओं को आकर्षित कर रही हैं, स्टॉल पर लगभग 500-1000 साड़ियां अनेक डिफरेंट डिजाइन और लुक में उपलब्ध हैं।

● पैरेंट्स को याद आई अपने समय के कॉमिक्स की कहानियां, बच्चों को भी पढ़ने की दे रहे सलाह

# स्मार्ट फोन के साइड इफेक्ट से बचाएंगे चाचा चौधरी, बिल्लू-पिंकी, फैंटम जैसे सुपर हीरोज

*बच्चों को स्मार्टफोन के एडिक्शन से होने वाले साइड इफेक्ट से चाचा चौधरी, बिल्लू-पिंकी, फैंटम, बांकेलाल, सुपरमैन, क्रुक बांड जैसे कॉमिक्स बुक्स के हीरो बचाएंगे। गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को पैरेंट्स बुक रीडिंग, ड्राइंग, डांसिंग, माइंड गेम्स, स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियों से जोड़कर स्कूल खुलने से पहले उन्हें रिफ्रेश करना चाहते हैं, ताकि वे फिजिकली एंड मेंटली फिट रहें।*

**रायपुर।** पैरेंट्स, स्मार्टफोन पर घंटों नजरें जमाकर वीडियो देखने, गेम्स खेलने की लगी आदत से बच्चों का पीछा कैसे छुड़ाएं? तब उन्हें अपने जमाने में पढ़ी गई कॉमिक्स के हीरोज की कहानियां फिर याद आ रही हैं और वे अपने बच्चों को कॉमिक्स बुक्स पर सुपर हीरोज की कहानी पढ़ने की सलाह के साथ कॉमिक्स खरीदकर दे रहे हैं। जयस्तंभ चौक स्थित किताबघर के ऑनर हरीश पारेख ने बताया कि वे 35 साल से अधिक समय से किताबें, कॉमिक्स, न्यूजपेपर बेच रहे हैं। स्मार्ट फोन आने के बाद कॉमिक्स को लोग लगभग भूल ही गए थे, पर अब फिर से कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों के लिए कॉमिक्स खरीदने शॉप पर पहुंच रहे हैं। इनमें ज्यादातर वे पैरेंट्स हैं, जिन्होंने चाचा चौधरी, बिल्लू-पिंकी, फैंटम, बांकेलाल, सुपरमैन आदि हीरोज की कहानियां अपने बचपन में पढ़ी हैं। अब वे अपने बच्चों में किताब पढ़ने की रुचि को बढ़ाने कॉमिक्स ले रहे हैं।

### कॉमिक्स की डिमांड अब भी

शास्त्री बाजार रोड स्थित 1960 से संचालित किताब दुकान के मालिक दिलीप कुमार ने बताया कि कॉमिक्स की कम ही सही, पर डिमांड है, जो पैरेंट्स अपने बच्चों में मनोरंजन के साथ-साथ किताब पढ़ाने की रुचि, शब्द ज्ञान, व्यावहारिक ज्ञान व प्रेरणात्मक, सकारात्मक विचारों का विकास करने को लेकर सजग हैं, वे कॉमिक्स बुक्स आज भी खरीदकर अपने बच्चों के लिए ले जा रहे हैं। हालांकि कॉमिक्स बुक्स की कीमत पहले से ज्यादा है। 150 से 200 रुपए तक चाचा चौधरी व अन्य सुपर हीरोजज की कॉमिक्स बिक रही हैं।




*कीमत पहले से दोगुनी, 150 से 200 रुपए तक बाजार में कॉमिक्स उपलब्ध*




### राजा-रानी की कहानी रोचक

*कॉमिक्स बुक्स में सुपर हीरोज के अलावा उर्वशी, रुक्मिणी परिणय जैसे राजा-रानियों के रोचक कहानियां भी बच्चों को पढ़ने को मिलते हैं। इस तरह के कॉमिक्स में अमर चित्र कथा कॉमिक्स पब्लिकेशन, डायमंड प्रकाशन की कॉमिक्स बुक्स शामिल हैं। आजकल कई नए प्रकाशन की कॉमिक्स भी बाजार में उपलब्ध हैं। हमेशा से ही बच्चों को राजा-रानियों की कहनियां काफी पसंद होती है। इसलिए राजा- रानी की कहानियों से जुड़े कॉमिक्स की बुक्स भी बहुत बिकते रहे हैं।*




### कॉमिक्स पढ़ने से अच्छे गुणों का विकास


कॉमिक्स खरीदने पहुंचे एक पैरेंट्स का कहना था कि चाचा चौधरी, बिल्लू-पिंकी, फैंटम, हवलदार बांकेलाल, सुपरमैन जैसे कॉमिक्स बुक्स के हीरोज की कहानियां पढ़कर हमारी पीढ़ी बड़ी हुई है। कॉमिक्स के सुपर हीरोज की कहानियां मनोरंजन, प्रेरक और अच्छे गुणों से भरी होती हैं, जो बच्चों में उन गुणों का विकास करने में मददगार होती हैं। कॉमिक्स की प्रासंगिकता कभी खत्म नहीं हो सकती।




## कम उम्र में सिर से गायब हो रहे बाल, हेयर ट्रांसप्लांट के सहारे न्यू लुक्स पाने बढ़ा क्रेज

**रायपुर।** आज-कल छोटे-बड़े सभी तरह की उम्र के लोगों में हेयर लॉस की समस्या आम बात हो गई है। ऐसे अर्ली एज में सिर से गायब हो रहे बाल और लुक्स को वापस पाने खासकर यूथ हेयर ट्रांसप्लांट करा रहे हैं। शहर के हेयर एंड स्किन क्लीनिक में विशेषज्ञों से सिटी में हेयर लॉस से जुड़े पहुंच रहे केस व उनके उपचार को लेकर बातचीत की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि लाइफ स्टाइल, वातावरण में बदलाव की कई वजह से हेयर लॉस की समस्या से लोग ग्रसित हो रहे हैं। सिर से बाल कम होने की समस्या को लेकर जब कोई पहली बार क्लीनिक पहुंचता है तो एक विशेषज्ञ के नाते प्राथमिक उपचार के तौर पर दवाईयों व खानपान में बदलाव कर एक डुरेशन में प्रॉपर मॉनिटरिंग कर मेडिसिन चलाते हैं। इससे हेयर लॉस का उपचार करने पूरा प्रयास करते हैं, लेकिन किसी केस में जब मेडिसिन डोज का किसी तरह रिस्पांस नहीं होता, उस स्थिति में सर्जिकल ट्रीटमेंट का सलाह देते हैं, जिसमें हेयर ट्रॉसप्लांट तकनीक प्रमुख है। हेयर ट्रांसप्लांट की दो तरह की पद्धति है, हालांकि यह हेयर लॉस की समस्या का स्थाई पर महंगा उपचार होता है, जो लोग कम उम्र में ही सर के बाल खो देते हैं, वे अपना लुक्स वापस पाने हेयर ट्रांसप्लांट को अपना रहे हैं।

#### हेयर पैच और विग का भी सहारा



महंगे हेयर ट्रांसप्लांट न करा पाने वाले लोग बाजार में उपलब्ध हेयर पैच व हेयर विग के सहारे लुक्स को मेंटेन कर रहे हैं। ब्यूटी एसेसरीज शॉप से मिली जानकारी के मुताबिक, 15 से 30 हजार तक के हेयर पैच उपलब्ध हैं, जो 6 से 12 माह तक के लिए सिर पर हेयर एक्सपर्ट की मदद से चिपकाए जाते हैं। इससे नेचुरल हेयर जैसा लुक्स मिलता है। इसके अलावा हेयर विग का भी सहारा लोग लुक्स पाने कर रहे हैं।

#### हर महीने 4 से 5 हेयर ट्रांसप्लांट

जाने-माने डर्माटोलॉजिस्ट, हेयर ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. भरत सिंघानिया का कहना है, हेयर लॉस से जुड़े रोजाना करीब 15 से 20 केसेस क्लीनिक में आ रहे हैं। वहीं महीने में औसत 4 से 5 हेयर ट्रांसप्लांट सर्जरी हो रही है। यूं तो न्यू लुक्स को लेकर हेयर ट्रांसप्लांट कराने वाले हर उम्र के लोग शामिल हैं, पर सिर के बाल खोने की समस्या के केसेस अर्ली एज 20 से 26 की उम्र में ज्यादा देखे जा रहे हैं। हेयर ट्रांसप्लांट की दो पद्धतियां एफयूटी और एफयूई से ट्रांसप्लांट किया जा रहा है। 45 रुपए क्रॉप्ट प्रति रूट की दर से हेयर ट्रांसप्लांट किया जा रहा है। एफयूई हेयर ट्रांसप्लांट लोग करा रहे हैं। एफयूटी दर्द के कारण थोड़ा अवाइड करते हैं।

## यूपीएससी सीएमएस एग्जाम 20 जुलाई को, शेड्यूल हुआ जारी

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग ने आगामी 2025 की भारतीय आर्थिक सेवा, भारतीय सांख्यिकी सेवा और संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा के लिए समय सारिणी की घोषणा कर दी है। उम्मीदवार अब संघ लोक सेवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर इन परीक्षाओं का शेड्यूल और विषयवार समय देख सकते हैं। यूपीएससी आईईएस और आईएसएस परीक्षा में विभिन्न विषयों के लिए अलग-अलग समय स्लॉट निर्धारित किए गए हैं। वहीं यूपीएससी सीएमएस परीक्षा के लिए पेपर I और पेपर II में सामान्य चिकित्सा, बाल रोग, सर्जरी, स्त्री रोग एवं प्रसूति विज्ञान और निवारक चिकित्सा जैसे विषय होंगे। यूपीएससी आईईएस और आईएसएस परीक्षा 20, 21 और 22 जून 2025 को आयोजित की जाएगी, जबकि यूपीएससी सीएमएस परीक्षा 20 जुलाई 2025 को होगी। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर विस्तृत शेड्यूल और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।

**द्वितीय मुख्य परीक्षा, फोटोकॉपी अवलोकन, पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन के लिए अंतिम तिथि 22 मई तक**

# अंक से असंतुष्ट बच्चों का रुख अब द्वितीय मुख्य परीक्षा की ओर, अभिभावकों के बदलते स्वभाव से बढ़ा तनाव

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद माता-पिता का बच्चों के प्रति बदला व्यवहार बच्चों को मानसिक तनाव की ओर ले जा रहा है। हेल्पलाइन नंबर में छात्र काउंसलर से कह रहे हैं कि परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने के बाद परिवार के सदस्य डांट रहे हैं, मेरे मन में आत्महत्या का विचार आ रहा.. कड़ी मेहनत के बाद भी मैं इस बार भी फेल हो गई। शुक्रवार को एक छात्र ने बताया कि साल 2024 में द्वितीय परीक्षा के बाद साल 2025 में परीक्षा दी, इस दौरान गणित विषय में 21 अंक हासिल हुए। पासिंग नंबर 25 हैं, मैं 4 नंबर से फेल हो गई। क्या मैं 2025 के द्वितीय मुख्य परीक्षा में बैठने के योग्य हूं? काउंसलर के कहा, द्वितीय मुख्य परीक्षा में लगभग एक माह का समय शेष है, इस वर्ष भी परीक्षा में बैठने का मौका मिलेगा। परिणाम जारी होने के बाद प्रदेशभर के छात्र अपने अंक से संतुष्ट नजर नहीं आ रहे। इस वर्ष परिणाम जारी होने के बाद से हेल्पलाइन नंबर पर अधिकांश प्रश्न नंबर बढ़ाने को लेकर पूछे जा रहे। काउंसिलिंग के दौरान विद्यार्थी अपनी फोटोकॉपी अवलोकन, पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन संबंधित प्रक्रिया विधि की जानकारी एकत्र कर रहे हैं।



#### प्रत्येक पंजीयन के लिए अंतिम तिथि 22 मई

*छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी नतीजे वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, वहीं जिन छात्रों को फोटोकॉपी अवलोकन, पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन और द्वितीय मुख्य परीक्षा में बैठना है, वे तुरंत अपना पंजीयन कराएं। इसके लिए वेबसाइट पर जाकर केवल नाम दर्ज कराने के आवश्यकता है। अंकसूची में नाम या कास्ट गलत होने पर सुधार किया जा सकता है, यदि पांचवी और आठवीं के मुख्य परीक्षा में छात्र का नाम या कास्ट सही लिखी है तो कम समय में ही सुधार किया जा सकता है। इसके लिए पांचवी या आठवी कक्षा की अंकसूची, आधार, पिता का आधार, दाखिला खारिज, जाति प्रमाणपत्र दस्तावेज को मंडल में सुधार के लिए लेकर पहुंचना है।*

#### जानें पुनर्मूल्यांकन के नियम

मंडल से जेके अग्रवाल ने बताया कि यदि कोई छात्र बोर्ड परीक्षा में पुनर्मूल्यांकन का चयन करता है तो उसे प्रति विषय 500 रुपए का शुल्क जमा करना होगा। जांच के दौरान 10 से अधिक अंक में वृद्धि होने के बाद ही विषय के नंबर बढ़ाया जाएंगे, अन्यथा छात्र के नंबर में कोई परिवर्तन नहीं होगा। पुनर्गणना का विचार रखने वाले छात्र सावधान हो जाएं, क्योंकि जांच के दौरान यदि आपके नंबर कम हो रहे होंगे तो आपके नंबर कट सकते हैं। वहीं वृद्धि होने पर ही नंबर में सुधार किया जाएगा, अन्यथा नंबर कम किए जा सकते हैं। इसके लिए प्रति कॉपी 100 रुपए शुल्क जमा करना होगा। वेबसाइट **https://cg.results.nic.in** पर मौजूद है। फोटोकॉपी अवलोकन में केवल विद्यार्थियों को जांच उत्तरपुस्तिका देखने का मौका दिया जाता है।

## आराधना

# सत्तर बेदी पूजा के बाद वर्धमान जैन मंदिर में किया ध्वजारोहण



**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान मंदिर में शुक्रवार को उपाध्याय भगवंत मनीष सागर महाराज एवं गुरु भगवंतों की पावन निश्रा में शुक्रवार को सत्तर बेदी पूजा हुई और मंदिर में ध्वजा चढ़ाई गई। सुबह 7 बजे गाजे-बाजे के साथ चतुर्विद संघ की अगवानी में धनराज बेगानी के निवास से ध्वजा मंदिर लाई गई। मंदिर में विधि-विधान के साथ सत्तर बेदी पूजा हुई और ध्वजारोहण किया गया, जिसके लाभार्थी परिवार श्री बेगानी हैं।

### शनिवार से नियमित प्रवचन

मेघराज बेगानी धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज बेगानी एवं चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अजय कानूगा ने बताया कि मूलगंबारे के लाभार्थी कुसुमदेवी बेगानी, गौतम स्वामी के लाभार्थी गौतमचंद कोठारी, दादा गुरुदेव के लाभार्थी अंशुल बेगानी है। वहीं शनिवार से नियमित रूप से प्रवचनमाला सुबह 8.30 बजे से 9.45 बजे तक होगी।



## धर्म लाइव

# बुद्ध पूर्णिमा पर गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ देशभर के 24 लाख घरों में होगी पूजा



**रायपुर।** 'गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ' एक अभियान है। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा घर-घर गायत्री मंत्र और हवन के माध्यम से देश और दुनिया में शांति और समृद्धि लाने के उद्देश्य से इसे शुरू किया जाएगा। विश्व स्तर पर लाखों घरों में एक साथ व एक समय में यज्ञ को संपन्न किया जाएगा। इस वर्ष भी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 11 व 12 मई को देशभर के 24 लाख घरों में यज्ञ करने का लक्ष्य रखा है। छत्तीसगढ़ गायत्री परिवार की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा एवं शक्तिपीठ समता कॉलोनी के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस ने संयुक्त रूप से आयोजन को सफल बनाने के प्रयास शुरू किए हैं। गायत्री परिजन अपने क्षेत्र के घरों, कॉलोनियों, ग्रामों, कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, मंदिरों, संस्थाओं में तय समय में गायत्री यज्ञ कराएंगे। गायत्री मंत्र और हवन से घर-घर में देव परिवार का निर्माण कराने के लिए अभियान शुरू किया है।

### पर्यावरण एवं वातावरण होगा शुद्ध

यह सामूहिक अनुष्ठान विश्व में नए परिवर्तन का आधार बनेगा। इस वर्ष छत्तीसगढ़ में ही एक लाख 51 हजार घरों में यज्ञ करने का लक्ष्य रखा गया है। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में समर्पित की गई आहुतियों से मन तो शुद्ध होता ही है, साथ में इसके सुगंध से आसपास का पर्यावरण एवं वातावरण भी शुद्ध होता है। इस यज्ञ के माध्यम से लोगों में संस्कार एवं आध्यात्मिक विकास होगा। इस यज्ञ का उद्देश्य राष्ट्र का समर्थन करते हुए उसे शक्तिशाली बनाना है। विश्व में शांति स्थापित करने एवं भारत को विश्व पटल पर पुनः जगद्गुरु के रूप में स्थापित करना है।

# सरोकार बढ़ाने 18 आयोग की वर्किंग शुरू, कानूनी दांव-पेंच से धन और समय बचाने सुलझा रहे विवाद

## छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने पहले बनाए 4 आयोग, इसे नवंबर 2024 में दिया विस्तार

'समाज के लोगों को घर-परिवार और समाज में होने वाले विवाद ही नहीं, बल्कि हर तरह के कानूनी पेंच का हिस्सा बनने से दोनों पक्षों का धन और समय बर्बाद होता है। बाद में न्याय किसी एक पक्ष को मिलता है। इस स्थिति से समाज के लोगों को बचाने के लिए पुरानी व्यवस्था को आगे बढ़ाते हुए 18 आयोग ने वर्किंग शुरू की है। आने वाले समय में हर आयोग के 18-18 मेंबर्स वर्किंग करेंगे। इसमें शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य के साथ ही व्यापार बढ़ाने में भी आयोग मदद करने लगा है।'





### अग्र अलंकरण और गोसेवा के लिए

*अग्र अलंकरण आयोग की संयोजिका डॉ. अनिता अग्रवाल ने रूपरेखा के तहत काम करना शुरू किया है। प्रतिवर्ष समाज के 18 प्रतिभाशाली मेंबर्स को अग्र अलंकरण से पुरस्कृत करते हुए 11000 रुपए नकद राशि एवं अग्र विभूति, अग्र रत्न, अग्र शिरोमणि जैसी उपाधियां दी जाती हैं। अब जून-जुलाई में अग्र अलंकरण की तैयारी भी शुरू की गई है। वहीं गोसेवा आयोग के संयोजक गोपाल सुल्तानिया ने सेवा के लिए गोशाला बनाई है, जहां 350 से अधिक गायें एवं नंदी बाबा रहते हैं। रोज हरी सब्जियां और हरा चारा व पक्षियों की सेवा की जाती है।*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्तरीय 21 सदस्यीय अग्र पंचायत समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल ने इस मामले में बताया कि आपसी पारिवारिक, वैवाहिक विवाद के साथ फैमिली विवाद को न्यायालयों से नहीं सुलझाया जा सकता है। इसके लिए सरोकार से जुड़कर सामाजिक स्तर पर भी सुलझा सकते हैं। पहले समाज के मुखिया इस प्रकार के विवादों में दोनों पक्षों को बैठाकर आपसी संवाद से हल निकालते थे। इससे न्यायालय में केस कम पहुंचते थे। न्यायालय के फैसले से एक पक्ष खुश होता था, वहीं दूसरा पक्ष दुखी होता था। अब अग्र आयोग के माध्यम से सुलझाए गए मामलों में दोनों पक्ष खुश होते हैं। तैयार किए गए 18 अग्र आयोग में अभी दो-दो पदाधिकारी ही तय किए गए हैं। आने वाले दिनों में सभी आयोग में 18-18 मेंबर्स जुड़ेंगे।

### अग्र समाज ने बनाए ये आयोग

- सामूहिक कन्या विवाह आयोग
- मंगल परिणय आयोग
- पशु पक्षी सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग
- वरिष्ठ नागरिको के लिए चौपाल आयोग
- गौसेवा आयोग
- आरोग्यम आयोग
- विहंगम योग साधना आयोग
- प्रचार प्रसार मीडिया आयोग
- सदस्यता अभियान आयोग
- अग्र अलंकरण आयोग समेत 18 आयोग बनाए हैं

### घर बसाने आयोग से जुड़े 18 ग्रुप

प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्र पंचायत समिति के साथ ही सभी आयोगों ने भी काम करना शुरू किया है। साथ ही लगभग 25 साल पुराने संगठन के भविष्य की योजनाओं को वृहद रूप देने का प्रयास शुरू किया है। मंगल परिणय आयोग की संयोजिका शोभा केड़िया ने आयोग में हुई गतिविधियों के बारे में बताया कि अभी तक 716 सामान्य के साथ ही 150 विधवा-विधुरों के विवाह संबंध कराने का दायित्व निभाया। इसके लिए समाज द्वारा निशुल्क 11 मंगल परिणय ग्रुप का भी संचालन किया जाता है।

### सामूहिक कन्या विवाह की पहल

सामूहिक कन्या विवाह आयोग के संयोजक दीनदयाल अग्रवाल एवं शोभा केड़िया ने फुलेरा दूज के मौके पर रायपुर में सनातन धर्म को मानने वाले 51 जोड़ों का निशुल्क सामूहिक विवाह संपन्न कराया। सभी जोड़ों को अलग अलग 70 हजार रुपए का घरेलू सामान भी दिया गया। इस कड़ी में बसना सरायपाली में समाज द्वारा 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। वरिष्ठ लोगों के लिए चौपाल आयोग बनाया है। संयोजक विष्णु गोयल,अनीता अग्रवाल, हरीश अग्रवाल इसका संचालन करते हैं।

### ऐसे बचा रहे रिश्ते, बसा रहे घर

फैमिली विवाद सुलझा रहे आयोग के सदस्यों ने बताया कि केसिंगा और रायपुर का एक ऐसा मामला आया था, जिसमें दोनों पक्षों ने रिश्ता खत्म करने का निर्णय ले लिया था। इसमें प्रांतीय अध्यक्ष एवं उनके साथ मेंबर्स ने मिलकर दोनों पक्षों से चर्चा करने के बाद उन्हें एकमत करने में सफलता प्राप्त की है। इससे दोनों ही फैमिली के लोगों में किसी प्रकार का मतभेद नहीं रह गए। दूसरा केस भोपाल एवं सारंगढ़ के दो डॉक्टर्स के बीच वैवाहिक संबंध विच्छेद का विषय था। कोर्ट में केस लड़ रहे थे, तब उनसे चर्चा कर मसले को सुलझाया गया।

# कला उस्ताद बनने का जुनून पहुंच रहे सभी उम्र के कलाप्रेमी



**रायपुर।** गिटार की धुन, कथक की थाप, तबले की ताल, बांसुरी की तान व सात सुरों की साज का कठिन अभ्यास करते यह नजारा शहर के कला केंद्र का है। जहां समर कैंप में कई कला विधाओं में प्रशिक्षण के प्रति कलाप्रेमियों का रूझान गजब का दिख रहा है। वैसे तो शहर के कला केंद्र में पिछले एक साल से हुनरमंद कलाकारों को तरासने का काम किया जा रहा है, लेकिन इस समर सीजन में हर उम्र के कलाप्रेमियों को कला के विविध विधाओं से जोड़ने का प्रेरणादायक प्रयास अपने आप में सराहनीय है। जहां शहर के हर वर्ग के लोग अपने अंदर छिपी कला प्रतिभा को पंख देने कला की जुनून लिए पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में नालंदा परिसर स्थित कला केंद्र में 15 जून तक समर कैंप चलाया जा रहा है। जहां 5 वर्ष उम्र के बच्चों से लेकर 55 साल से अधिक उम्र के कला प्रशिक्षु कई विधाओं में परीक्षण लेने रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। कला केंद्र के प्रशिक्षकों ने बताया कि समर कैंप में 24 प्रकार के विधा में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कला केंद्र की स्थापना का उद्देश्य ही कला के कदरदानों को कला के हर विधा से जोड़ना व उन्हें निखारना है। ऐसे में कला के क्षेत्र में अपना कॅरियर व पहचान बनाने वालों को एक बेहतर प्लेटफार्म मिल रहा है।

### गिटार, कैसियो, वेस्टर्न डांस पर सबसे ज्यादा रूझान



समर कैंप में गिटार वादन की विधा में प्रशिक्षण दे रहे गिटार कलागुरु हेमंत पांडा ने बताया कि गिटार सीखने को लेकर युवा वर्ग में क्रेज दिख रहा है। अभी कैंप में 100 कला प्रशिक्षु गिटार बजाना सीख रहे हैं। वहीं, गायन विधा के प्रशिक्षक संतोष चंद्राकर ने बताया कि गायन में 50 से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसी तरह कथक में 50, कैसियो में 80, तबला वादन में 40 प्रशिक्षु प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसके अवाला चित्रकारी, भाषा ज्ञान का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



### 24 विधाओं में कलागुरु दे रहें प्रशिक्षण

गायन, चित्रकला, गिटार, जुंबा, कैसियो, योगा, हारमोनियम, कराते, तबला, कैलीग्राफी, बांसुरी, स्पोकन इंग्लिस, ड्रम, वायलिन, अबेकस, ढोलक, कथक, मेहंदी, गरबा, आधुनिक डांस, ओडिसी नृत्य, माटी कला जैसे कई कला विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### रोजाना बड़ी संख्या में रजिस्ट्रेशन करा रहें

समर कैंप में अब तक 15 सौ से अधिक कला प्रशिक्षुओं ने अपना पंजीयन कराया लिया है। रोजाना सुबह व शाम दो शिफ्ट में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन के लिए प्रशिक्षुओं को रजिस्ट्रेशन फार्म, एक पासपोर्ट फोटो और 100 रुपए शुल्क लिया जा रहा है। लगातार रजिस्ट्रेशन की संख्या बढ़ रही है। समर कैंप को लेकर कलाप्रेमियों में अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

# नाम और रूप दोनों भगवान इनमें कोई छोटा-बड़ा नहीं



**रायपुर।** विधानसभा परिसर में मिश्रा परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद भागवत कथा में व्यास आसन पर विराजमान शंकराचार्य आश्रम के प्रमुख स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की नामकरण लीला के संबंध में बताया कि नाम और रूप दोनों भगवान हैं। इनमें कोई छोटा और बड़ा नहीं है। रूप के बिना नाम और नाम के बिना रूप की कोई सत्ता नहीं है। श्री गर्गाचार्य जी महाराज ने नंद बाबा के सामने भगवान का नाम प्रकट करते हुए कहा कि भगवान के नाम और रूप अनंत हैं, उनकी कोई सीमा नहीं है। संसार के प्राणी भगवान के नाम और रूपों को अच्छी तरह से नहीं जान सकते हैं, जो भगवान के नाम और रूप को जान लेता है और उनसे प्रीति करने लगता है तो भगवान भी उनके नाम रूपों को मिटाकर अपने नाम रूप में मिला लेते हैं। उनके समस्त दोषों को भगवान स्वयं नष्ट कर देते हैं। गर्गाचार्यजी ने कहा, नंद तुम्हारे पुत्र के गुण नारायण के समान हैं, अर्थात श्रीकृष्ण के गुण गणों की बराबरी यदि कोई कर सकता है तो वे केवल नारायण ही कर सकते हैं।

### पूतना साक्षात अबिद्या का स्वरूप

*सुधि वक्ता ने इसके पूर्व गोकुल के आनंद का वर्णन करते हुए पूतना वध के प्रसंग की कथा सुनाते हुए कहा, पूतना साक्षात अबिद्या का स्वरूप है, इसका प्रभाव उन्हीं स्थान और व्यक्तियों पर होता है, जहां भगवान के गुण गणों की चर्चा नहीं होती। जहां वेदध्वनि नहीं होती है और जहां संत महात्माओं के चरण प्रक्षालन नहीं किए जाते, ऐसे स्थानों में असद शक्तियों का प्रभाव माना जाता है। कथा के पूर्व शंकराचार्य आश्रम के वैदिक विद्वानों ने यजमान प्रभाशंकर मिश्र, सुलोचना मिश्रा से पोती का पूजन कराया तथा परिवार की अन्य लोगों ने मिलकर भी भागवत भगवान की आरती की।*

# मां शोलापुरी, लक्ष्मी-सरस्वती स्वरूप में दिया दर्शन, पूजा उत्सव में मेला



**रायपुर।** अयोध्या में राम मंदिर की तर्ज पर डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में सजे भव्य पंडाल में जारी शोलापुरी माता पूजा उत्सव में लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। इस नौ दिवसीय पूजा उत्सव की 11 मई को विश्रांति होगी। इसके पहले जिन लोगों ने पूजा उत्सव में भाग नहीं लिया, अब ऐसे लोग परिवार के साथ सुबह से पहुंच रहे हैं। शाम ढलते ही पंडाल में भक्ति और उत्सव का माहौल बनने लगता है। इसमें हर वर्ग के लोग शामिल होते हैं। इसमें शाम की आरती से पहले भक्तों को शोलापुरी माता अलग-अलग स्वरूप में दर्शन देती हैं। दूरदराज से लोग परिवार के साथ माता के दर्शन करने पहुंचते हैं। शुक्रवार की शाम माता ने शोलापुरी, लक्ष्मी एवं सरस्वती स्वरूप में दर्शन दिए। इस लम्हे को खास बनाने के लिए लोग सहयोग भी कर रहे हैं।

### भोग अर्पित करती हैं महिलाएं

हर साल होने वाली भीड़ को देखते हुए इस बार श्रीश्रीश्री शोलापुरी माता पूजा उत्सव समिति ने शानदार व्यवस्था की है। रोज माता को भोग अर्पित करने का दायित्व समाज की महिलाएं निभाती हैं। इससे दोपहर में आवभगत का दौर चलता है। माता की सेवा करने वाले तीन बाल पुजारियों के सहयोग से भोग अर्पित किया जाता है। पूजा उत्सव समिति के अध्यक्ष बी. श्रीनिवास राव, सचिव एम. वेंकट रमना और कोषाध्यक्ष एल. वेंकटेश्वर राव हर दिन आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यवस्था संभाल रहे हैं।

### पहुंच रहे 10-15 हजार श्रद्धालु

समिति के सलाहकार डी. गोविंद राव ने बताया कि इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए रायपुर समेत दूसरे शहरों से भी लोग परिवार के साथ माता के पंडाल में आते हैं। इसके चलते अब श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। आने वाले लोगों को पूजा उत्सव स्थल पर मेला में खानपान की सुविधा मिल रही है। इस वजह से पंडाल में जाने वाले लोग वहां समय भी बिता रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि बच्चों के लिए कई तरह के झूले लगाए गए हैं। इससे शाम से देर रात तक पूजा उत्सव और मेले-सा माहौल बना रहता है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### खेलो इण्डिया यूथ गेम्स में भाग लेने छत्तीसगढ़ कलरिपयत्तु टीम बिहार रवाना



**रायपुर।** 7वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन बिहार के अलग अलग स्थानों पर किया जा रहा है। कलारिपयात्तु मार्शल आर्ट खेल का आयोजन 11 से 13 मई को किया जाना है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ की कलारिपयात्तु टीम 08 मई को कमलेश देवांगन के नेतृत्व में रवाना हुई। ऊपरोक्त जानकारी देते हुए जिला संघ रायपुर के अध्यक्ष अनीस मेमन ने राज्य संघ के महासचिव कमलेश देवांगन के हवाले से बताया कि छत्तीसगढ़ टीम में 11 खिलाड़ी 04 अधिकारी शामिल हैं। जिसमे सर्वाधिक 06 खिलाड़ी कोरबा से 04 खिलाड़ी, बालोद जिले से और 01 खिलाड़ी रायपुर जिले से है। रायपुर से चयनित समिधा अग्रवाल स्थानीय विवेकानंद मार्शल आर्ट एकेडमी देवेन्द्र नगर के संचालक अमन यादव की शिष्या है। कोरबा जिले से कुमारी रागिनी–(तलवार–ढाल एवं डंडा फाइट), तवर्णा पटेल–(तलवार–ढाल एवं डंडा फाइट),कृष सिंधु– (तलवार–ढाल),राज गुप्ता– (तलवार–ढाल), अर्जुन कुमार चंद्रक–(डंडा फाइट), अनन्त स्वर्णकार–(डंडा फाइट), बालोद जिले से सोनम साहू–(हाई किक),जिया–(डंडा फाइट), साधिके दुबे–(डंडा फाइट),हर्षदीप साहू–(हाई किक) और रायपुर जिले से समिधा अग्रवाल(चुवादुकल–फ्री हैंड बेसिक लेग मूमेंट) शामिल हैं।

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 30 खिलाड़ियों का हुआ चयन



**रायपुर।** ताइक्वांडो इंडिया द्वारा मध्य प्रदेश ताइक्वांडो संघ के संयुक्त तत्वाधान में द्वितीय राष्ट्रीय सब जूनियर, जूनियर, सीनियर महिला व पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस ग्राउंड बिलासपुर में 8 मई को किया गया है। ताइक्वांडो छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मुकेश पूरी गोस्वामी ने बताया की इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ से 30 बालक, बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया हैं। चयनित खिलाड़ियों का प्री नेशनल कोचिंग कैंप पुलिस ग्राउंड बिलासपुर में 10 मई से आयोजित होंगी। श्री गोस्वामी ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी शिरकत करेंगे। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी में प्रतियोगिता के पूमसे, क्योंगरी वर्ग में फ्रेशर,अंडर 14,17,सीनियर महिला, पुरुष वर्ग में चयन किया गया हैं।

### राष्ट्रीय पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ टीम लखनऊ रवाना



**रायपुर।** उत्तर प्रदेश संघ एवं इंडियन पेंचाक सिलाट फेडरेशन के संयुक्त तत्वाधान में 13वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता 9 से 12 मई तक केडी सिंह बाबू इंडोर स्टेडियम लखनऊ में आयोजित हो रहा है। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 18 महिला पुरुष खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुए। खिलाड़ियों को नगर निगम बिलासपुर की महापौर श्रीमति पूजा विधानी ने ट्रैक सूट वितरण किया और खिलाड़ियो को शुभकामनाये दी। छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट खेल के प्रदेश प्रमुख शेख समीर ने बताया कि टीम में 9 महिला और 9 पुरुष खिलाड़ी है, जो पूर्व मे भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। स्पर्धा में शेख अरबाज अली,अलवेणी राव बिलासपुर, मनीष निषाद, सकीना लहरे कबीरधाम, सूर्यकांत वर्मा, हिमांशी वर्मा, कल्याणी वर्मा बेमेतरा, मारकंडेय सिंह ममता पांडे, कविता धुर्वे, आनंदिता सिंह राजपूत बस्तर, नरेंद्र पांडे दुर्ग, अभिषेक देवांगन, मदन सिंह नेताम, हिमांशु परमाल, गरिमा साहू, हिमांशु साहू, नीलिमा साहू रायपुर एवं टीम के कोच आशीष जयसवाल और जनरल मैनेजर शेख समीर है।

### खेलो इंडिया स्विमिंग में अभय ने जीता ब्रॉन्ज़

**रायपुर।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन बिहार गया में जारी है। बिलासपुर कॉरपोरेशन तैराकी संघ के सचिव हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्पर्धा में बिलासपुर के खिलाड़ी अभय प्रकाश साहू छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। जिसमे अभय प्रकाश साहू 200 मीटर बटरफ्लाई इवेंट में जीता ब्रॉन्ज मेडल। बिलासपुर का यह तैराक पूर्व में भी राष्ट्रीय स्पर्धा में पदक जीत चुका है। अभय की इस उपलब्धि पर संघ से जुड़े सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी है।



## सेहत के लिए नुकसानदायक है नींद में बाधा

# रात में बढ़ जाती है बेचैनी और बार-बार खुलती है नींद, इसके पीछे की वजह के साथ जानिए उपाय

अक्सर लोग रात के समय में नींद खुलने की समस्या से परेशान रहते हैं। बहुत से लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं लेकिन ये आपके सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। आइए इसे लेख में इसी के बारे में जानते हैं।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में नींद की समस्या एक आम शिकायत बन गई है। अक्सर लोग रात में बार-बार जागने की समस्या से परेशान रहते हैं। नींद न केवल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि यह हमारी प्रोडक्टिविटी और मूड को भी प्रभावित करती है। अगर आपकी भी नींद रात में बार-बार टूटती है, तो यह स्थिति न केवल थकावट और चिड़चिड़ापन पैदा करती है, बल्कि अगर यह लगातार बनी रहे तो कई स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म दे सकती है।

नींद में बार-बार खलल पड़ने के कई कारण हो सकते हैं। तनाव, अनियमित दिनचर्या, देर रात तक मोबाइल फोन का उपयोग, और अनुचित खान-पान इनमें प्रमुख हैं। देर से डिनर करने या भारी भोजन करने से पाचन तंत्र पर दबाव पड़ता है, जिससे नींद प्रभावित होती है। इसके अलावा, अनुचित समय पर वर्कआउट करना भी नींद को बाधित कर सकता है, क्योंकि व्यायाम से शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। मोबाइल फोन की स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन को कम करती है, जो नींद के लिए जरूरी है।



### नींद न आने पर क्या करें?

विशेषज्ञों के अनुसार, अगर नींद न आ रही हो, तो बिस्तर पर लेटे रहने के बजाय उठकर कुछ हल्की गतिविधियां करें। आप कोई किताब पढ़ सकते हैं, पहेली (पजल) सॉल्व कर सकते हैं, या ऑडियो बुक सुन सकते हैं। ये गतिविधियां दिमाग को शांत करने में मदद करती हैं। हालांकि, इन गतिविधियों के दौरान तेज रोशनी या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल करने से बचें।

### रात में खाने से बचें

रात में देर से या भारी भोजन करने से नींद पर बुरा असर पड़ता है। डिनर और सोने के समय के बीच कम से कम 2-3 घंटे का अंतर होना चाहिए। हल्का और पौष्टिक भोजन नींद की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है। कैफीन और शराब जैसे पदार्थों से भी बचना चाहिए, क्योंकि ये नींद को बाधित करते हैं।



### मोबाइल फोन से दूरी बनाएं

बिस्तर पर जाने के बाद मोबाइल फोन का उपयोग करना नींद की सबसे बड़ी दुश्मन है। सोशल मीडिया, ईमेल या मैसेज चेक करने की आदत नींद को प्रभावित करती है। सोने से कम से कम एक घंटा पहले मोबाइल फोन का उपयोग बंद कर देना चाहिए। अगर जरूरी हो, तो फोन को बेडरूम से बाहर रखें।



### वर्कआउट का समय बदलें

व्यायाम स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है, लेकिन इसका समय नींद पर असर डाल सकता है। देर शाम या रात में भारी वर्कआउट करने से शरीर उत्तेजित रहता है, जिससे नींद आने में दिक्कत होती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, वर्कआउट सुबह या दोपहर में करना चाहिए। अगर शाम को व्यायाम करना हो, तो हल्का व्यायाम करें।



## एसी की आदत आपको डाल सकती है मुश्किल में, ज्यादा इस्तेमाल से बचें

आज के आधुनिक युग में गर्मी से राहत पाने के लिए एयर कंडीशनर (एसी) का उपयोग आम बात हो गई है। घर, ऑफिस, मॉल से लेकर गाड़ियों तक एसी का इस्तेमाल किया जाता है। कई बार तो एसी को स्टेटस सिंबल के रूप में भी देखा जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर आप एसी में ज्यादा देर तक समय बिताते हैं तो इसका प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है?

रिपोर्ट के अनुसार एसी वैसे तो सुरक्षित है, पर एसी वाली जगहों पर वेंटिलेशन यानी हवा के आने-जाने की अच्छी व्यवस्था भी जरूर होनी चाहिए। इस रिपोर्ट के अनुसार, अगर आपका एसी खराब वेंटिलेशन वाली जगह पर लगा है तो आपको सिरदर्द, सूखी खांसी, चक्कर आने-मतली, ध्यान केंद्रित करने में परेशानी और थकान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से समझते हैं।

### सिरदर्द और माइग्रेन का खतरा

एक्सपर्ट्स के अनुसार, जो लोग एसी में देर तक रहते हैं उनमें सिरदर्द और माइग्रेन का जोखिम बढ़ जाता है। इसका एक मुख्य कारण है कि एसी कमरे की हवा से नमी को सोख लेना है, जिससे हवा बहुत ज्यादा शुष्क हो जाती है। यह शुष्क हवा साइनस पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, साथ ही इस शुष्क वातावरण का प्रभाव हमारी आंखों पर भी पड़ता है, जो सिरदर्द का कारण बन सकता है।



इसके अलावा, जब लोग ठंडे एसी वाले माहौल से अचानक गर्मी में बाहर निकलते हैं, तो तापमान में यह तीव्र बदलाव कुछ संवेदनशील लोगों में माइग्रेन के दौरे को ट्रिगर कर सकता है।

### श्वसन संबंधी समस्याओं का खतरा

जो लोग एसी में ज्यादा देर तक रहते हैं, वो उनमें अन्य लोगों की तुलना में श्वसन संबंधी समस्याएं (नाक मार्ग में जलन, सांस लेने में परेशानी) अधिक होती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि एसी से निकलने वाली ठंडी और शुष्क हवा सीधे संपर्क में आने पर नाक और गले की नाजुक झिल्लियों को सुखा सकती हैं, जिससे जलन, खराश और रूखापन महसूस हो सकता है। जिन लोगों को अस्थमा-ब्रोंकाइटिस की समस्या होती है उन्हें एसी में ज्यादा समय बिताने से बचना चाहिए। इसके पीछे का मुख्य कारण?

### मेटाबॉलिज्म पर असर

कुछ अध्ययनों और विशेषज्ञों के विचारों के अनुसार, एसी में लगातार एक समान ठंडे तापमान में रहने का असर शरीर के मेटाबॉलिज्म (चयापचय) पर भी पड़ सकता है। सामान्य परिस्थितियों में, जब शरीर को अलग-अलग तापमान का सामना करना पड़ता है, तो वह अपने आंतरिक तापमान को बनाए रखने के लिए कुछ ऊर्जा खर्च करता है। गर्मी लगने पर पसीना आता है और ठंड लगने पर शरीर गर्मी पैदा करने की कोशिश करता है।



## जेठ का महीना शुरू हो रहा 13 से, जानिए नियम और महत्व

ज्येष्ठ माह का जितना धार्मिक महत्व है उतना ही ज्योतिष शास्त्र में भी विशेष स्थान मौजूद है। ऐसे में आइये जानते हैं कि कब से शुरू हो रहा है जेठ का महीना और इस माह में क्या करना चाहिए एवं क्या नहीं करना चाहिए। पंचाग के अनुसार, वैशाख पूर्णिमा 12 मई को पड़ रही है। वहीं, ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि का आरंभ 12 मई, सोमवार के दिन रात 10 बजकर 25 मिनट पर हो रहा है और समापन 13 मई, मंगलवार के दिन को देर रात 12 बजकर 35 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, ज्येष्ठ माह का शुभारंभ 13 मई से होगा। सबसे शुभ संयोग यह है कि 13 मई से ही बड़े मंगल की शुरुआत हो रही है।

ज्योतिष गणना के अनुसार, 13 मई के दिन वरीयान योग और विशाखा नक्षत्र में ज्येष्ठ माह शुरू होने वाला है। जहां एक ओर वरीयान योग ब्रह्म मुहूर्त से लेकर सुबह 5 बजकर 53 मिनट तक रहेगा तो वहीं, दूसरी ओर विशाखा नक्षत्र ब्रह्म मुहूर्त में अपना स्थान लेकर सुबह 9 बजकर 9 मिनट तक विद्यमान रहेगा। ऐसे में दोनों योगों में आप हनुमान को प्रसन्न करने के लिए दान आदि कर सकते हैं या व्रत का संकल्प ले सकते हैं।

### ज्येष्ठ माह 2025 में क्या करें क्या न करें?

ज्येष्ठ माह में सूर्य की प्रचंड गर्मी होती है, और ज्योतिष में सूर्य को ऊर्जा और जीवन शक्ति का प्रतीक माना गया है। इस महीने में प्रतिदिन सूर्योदय के समय सूर्य देव को जल अर्पित करना और उनकी पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इससे मान-सम्मान, आरोग्य और तेज में वृद्धि होती है। आप 'ऊँ घृणिः सूर्याय नमः' जैसे सूर्य मंत्रों का जाप भी कर सकते हैं।



ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले मंगलवार को 'बड़े मंगल' के रूप में विशेष रूप से मनाया जाता है। यह दिन भगवान हनुमान को समर्पित है। इस दिन हनुमान जी की पूजा-अर्चना करना, उन्हें सिंदूर और चमेली का तेल चढ़ाना, हनुमान चालीसा का पाठ करना और बूंदी के लड्डू का भोग लगाना बहुत फलदायी होता है। मान्यता है कि ऐसा करने से सभी प्रकार के कष्ट और संकट दूर होते हैं।

ज्येष्ठ माह में गर्मी बहुत अधिक होती है, इसलिए प्यासे लोगों और जानवरों को पानी पिलाना एक महान पुण्य का कार्य माना जाता है। राहगीरों के लिए पानी की व्यवस्था करना, प्याऊ लगाना या जरूरतमंदों को पानी की बोतलें दान करना शुभ होता है। इससे देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। अपनी क्षमतानुसार गरीबों और जरूरतमंदों को अन्न और वस्त्र का दान करना भी इस महीने में बहुत महत्वपूर्ण माना गया है।

## पूड़ियां तलने के बाद बचे तेल को आलू वाले हैक से मिनटों में कीजिए साफ



तेल में पूड़ियां या पकौड़े तलने के बाद वो गंदा हो जाता है। ऐसे तेल को ना फेंकने का मन करता है और ना ही उसका इस्तेमाल करने है। इस तरह के तेल को स्टोर करना भी बेकार ही साबित होता है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है, तो आपको एक ऐसी वायरल ट्रिक के बारे में जानना चाहिए, जिससे आप बचे हुए तेल को फिर से साफ करके इस्तेमाल कर सकते हैं।

### आलू की स्टाइस वाला हैक

अगर आपके पास पहले से बचा हुआ तेल हैं, तो आप उसे गरम करें। तेल में कच्चे आलू का स्लाइस डालें। इसके साथ ही आपको जो भी चीज फ्राई करनी है, उसे भी तेल में डालें। इस तरीके से तेल में कुछ भी तलने से वो हमेशा साफ रहता है। वायरल वीडियो को मुताबिक, आलू एक स्पंज की तरह काम करता है। इसे तेल में डालते ही यह उसके अंदर मौजूद गंदगी को सोंख लेता है। इसमें मौजूद स्टार्च तेल को काला होने से रोकता है।

### आलू को बदलते रहें

अब आपके मन में भी यही सवाल होगा कि तेल में आलू डालने पर वह कुछ ही देर में जल सकता है। जी हां, आप बिल्कुल ठीक सोच रहे हैं। ऐसे में आपको थोड़ी देर में आलू की स्लाइस को चेंज करना होगा। इसे तरीके से आपको तेल फ्राइंग के समय गंदा नहीं होगा।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## साइमन पेग ने गिनाई 'मिशन इम्पॉसिबल' की आखिरी कड़ी की हैरतअंगेज खूबियां



हॉलीवुड फिल्मों की सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइजी में से एक 'मिशन इम्पॉसिबल' की आखिरी कड़ी की रिलीज में अब कुछ ही दिन बचे हैं। फिल्म के हीरो टॉम क्रूज के असली स्टंट्स के लिए महीनों से चर्चा में बनी हुई इस कड़ी की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल द फाइन रेकनिंग' में ही वह सबसे बड़ा राज खुलने वाला है जिसके पीछे एथन हंट ने अपने जीवन के करीब बीस साल लगा दिए हैं। और, इस पूरे सफर में अभिनेता टॉम क्रूज का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहे हैं अभिनेता साइमन पेग।

सायमन पेग, टॉम क्रूज और क्रिस्टोफर मैक्वेरी की तिकड़ी का अगला कमाल देखने के लिए 'मिशन इंपॉसिबल' फ्रेंचाइजी के प्रशंसक सांसें थामकर बैठे हैं। फिल्म चूंकि आईमैक्स फॉर्मेट में भी बनी है लिहाजा गर्मियों की इस बार की छुट्टियों में आईमैक्स थियेटर संचालकों को भी उम्मीद है कि इस फिल्म से उनको बढ़िया कारोबार मिलने वाला है। साइमन पेग बताते हैं कि ये फ्रेंचाइजी एक साझा सोच और शुरू से जिम्मेदारियों की बात करती रही है। कामयाबी के लिए टीम भावना को भी ये फ्रेंचाइजी मजबूत करती है।

सामयन कहते हैं, "टॉम और मैक्यू हमेशा इस बात को लेकर स्पष्ट रहे हैं कि इस फिल्म फ्रेंचाइजी की कहानी को हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए। हर बार एजेंट एथन हंट के लिए चुनौतियां बड़ी होती जाती हैं और हर बार ये कहानी भावनात्मक रूप से और गहरी होती जाती है। यही हमेशा हमारा एकमात्र मंत्र रहा है कि हमें खुद को पीछे छोड़ना है। और हमने सच में ऐसा कर दिखाया है।"

### टॉलीवुड

## राम पोथिनेनी के जन्मदिन पर फैंस को मिलेगा बड़ा तोहफा, मेकर्स ने दी जानकारी




तेलुगु स्टार राम पोथिनेनी के फैंस के लिए एक बड़ी जानकारी सामने आई है। राम पोथिनेनी की अगली फिल्म को लेकर मेकर्स ने एक बड़ा अपडेट दिया है। जिसको जानने के बाद राम के फैंस काफी उत्साहित हैं और फिल्म को लेकर उनकी एक्साइटमेंट भी और बढ़ गई है। अभी फिल्म को रेपो 22 के नाम से संबोधित किया जा रहा है।

दरअसल, फिल्म को लेकर बड़ी जानकारी ये है कि फिल्म का टाइटल टीजर कब सामने आएगा इसकी जानकारी मेकर्स ने दे दी है। इस नई अपडेट के मुताबिक, राम पोथिनेनी की अगली फिल्म का टाइटल टीजर 15 मई को अभिनेता के जन्मदिन पर जारी किया जाएगा। मेकर्स की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ये जानकारी शेयर की गई है। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा गया, "एक प्रशंसक। एक शो। एक लाख भावनाएं। 'सागर' से मिलने के लिए तैयार हो जाइए। एक ऐसा फैनबॉय जिससे हम सभी खुद को जोड़ पाएंगे।"

महेश बाबू पी द्वारा निर्देशित इस इमोशनल-रोमांटिक फिल्म में भाग्यश्री बोस मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। राम ने इस फिल्म के लिए मेकओवर किया है और फिल्म के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। ऐसे में फैंस भी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। अब सभी की निगाहें 15 मई पर टिकी हैं, जिस दिन फिल्म की पहली झलक सामने आएगी।

### भोजपुरी

## संभावना ने निरहुआ और पवन की तुलना में खेसारी को बताया अच्छा



अभिनेत्री संभावना सेठ पर्दे से तो दूर हैं। लेकिन एक वक्त था कि जब वह भोजपुरी इंडस्ट्री में चर्चा में थीं। उन्होंने वहां काफी काम किया और अपना नाम बनाया। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में उस इंडस्ट्री से जुड़ी काफी चीजों का खुलासा किया है। निरहुआ, पवन सिंह और खेसारी लाल यादव जैसे सुपरस्टार्स का जिक्र किया है और एक्ट्रेसेस को होने वाली दिक्कतों के बारे में चौंकाने वाली बात बताई है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में दोस्त नहीं होते हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि एक्ट्रेसेस के बीच खतरनाक इनसिक्योरिटीज होती हैं। संभावना सेठ ने एक इंटरव्यू में इंडस्ट्री में दोस्त मिलने के बारे में कहा कि एक्टर के मुकाबले, एक्ट्रेसेस में ज्यादा इनसिक्योरिटीज होती है। 'शायद लड़के दिखाते नहीं लेकिन लड़कियों में ज्यादा होती है।' उन्होंने कहा कि एक्ट्रेस को दूसरी एक्ट्रेस से जलन होती है। फिर वो चाहे काम से संबंधित हो या फिर किसी चीज-सामान को लेकर।

जब सवाल किया गया कि उन्होंने भोजपुरी इंडस्ट्री में काम किया है लेकिन वहां पर एक एक्ट्रेस दूसरी एक्ट्रेस का सपोर्ट नहीं करती। बल्कि उसे सार्वजनिक रूप से नीचा दिखाती है, इस पर संभावना से सेठ ने कहा, 'इंडस्ट्री बहुत बड़ी नहीं है। ले दे के... मानकर चलते हैं कि चार से पांच सुपरस्टार हैं। और इनके अलावा किसी दूसरे की गिनती नहीं है।' एक्ट्रेस ने यहां किसी का नाम लिए बगैर कहा कि जिन एक्ट्रेस का सुपरस्टार से अफेयर हो गया, उन्हें काम मिल जाता है, भले ही उनको काम न आता हो। और टैलेंटेड एक्ट्रेस, जिनका उन एक्टर्स से अफेयर नहीं हुआ, वो पीछे रह जाती हैं। संभावना ने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में वह किसी को भाई या फिर दोस्त बोलती हैं।

### लाइफ स्टाइल

## सफेद का सुकून



सफ़ेद रंग का फ़ैशन एक मज़बूत ट्रेंड बना हुआ है, ख़ास तौर पर वसंत और गर्मियों के लिए, डिज़ाइनर इसे अलग-अलग छवियों और बनावट में दिखाते हैं। सफ़ेद रंग के कपड़े, साफ़-सुथरी सिलाई, हल्के वज़न के कपड़े और एक्सेसरीज़ में सफ़ेद रंग का इस्तेमाल रंग को शामिल करने के लोकप्रिय तरीके हैं। हाल के लंदन फैशन वीक में सफेद कपड़ों का जलवा रहा। डिजाइनर ने यहां अपने कुछ खास कलेक्शन पेश किए।

## बालों की खूबसूरती बढ़ाने घर पर ही करें हेयर स्पा, मिलेगी तारीफ

बालों को खूबसूरती बढ़ाने के लिए हेयर-स्पा का सहारा ले सकती हैं। हेयर स्पा करने से जहां बालों को पोषण मिलेगा साथ ही, बाल की खूबसूरती भी बढ़ेगी। वहीं घर पर हेयर-स्पा कैसे करें इसके लिए कुछ टिप्स बता रहे हैं। हर महिला चाहती हैं कि उसके बालों की खूबसूरती बनी रहे और बालों से जुड़ी समस्या उसके जीवन में कभी न आए। बालों को खूबसूरती बने रहे इसके लिए इनकी सही तरह से केयर करना साथ ही, इन्हें पोषण देना भी जरुरी है बालों को पोषण देने हेयर स्पा का सहारा ले सकती हैं। लेकिन, पार्लर में जाकर हेयर स्पा करवाने से काफी खर्चा होता है। वहीं अगर आप इस खर्च को बचाना चाहती हैं तो घर पर ही हेयर स्पा कर सकती हैं। घर पर हेयर स्पा कैसे करें इसके हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं जिन्हें फॉलो करके आप आसानी से घर पर ही हेयर स्पा कर सकती हैं।

### तेल से करें बालों की मसाज

हेयर स्पा करने के लिए आप तेल से बालों की मसाज करें और इसके लिए आप नारियल तेल, बादाम तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। सबसे थोडा-सा तेल लें और बालों पर अप्लाई करते हुए मसाज करें। तेल से बालों पर आप कम से कम 15-20 मिनट तक मसाज करें।

### बालों को दें स्टीम

बालों से जुड़ी समस्या कम हो साथ ही, इनकी चमक बनी रहे।



इसके लिए आप बालों को स्टीम दें। बालों को स्टीम देने के लिए आप तौलिया गर्म पानी में डुबोकर निचोड़ लें और इसके बालों पर लपेट लें और 10-15 मिनट बाद इसे हटा लें।

### हेयर मास्क करें अप्लाई

बालों को पोषण देने के लिए आप हेयर मास्क अप्लाई करें। हेयर मास्क आप नेचुरल चीजों क मदद से बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं और इसके लिए आप एक्सपर्ट की मदद ले सकती हैं।

आखिर में आप शैम्पू की मदद से बालों को धो लें साथ ही, कंडीशनर का भी इस्तेमाल भी करें और बालों के सूख जाने के बाद आखिर हेयर सीरम लगा लें।

## इस मौसम में स्टाइल करें खास तरह की ये लूज टी-शर्ट, रहेंगी कम्फर्टेबल





गर्मियों में कम्फर्टेबल कपड़े पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम हर तरह के कपड़ों को थोड़ा लूज पहनना पसंद करते हैं। ऐसे में आप भी अपने लिए लूज टी शर्ट को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की टी शर्ट को पहनकर आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, इससे आपका लुक भी अच्छा नजर आएगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के डिजाइन वाली लूज टी शर्ट को वियर कर सकती हैं।

### कार्टून प्रिंट वाली टी शर्ट

आप स्टाइल करने के लिए कार्टून प्रिंट डिजाइन वाली टी शर्ट को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की टी शर्ट पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इसमें आपको काफी अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे। इस तरह की टी शर्ट में आपको फ्रंट प्रिंट वाला डिजाइन मिलेगा। इसे अलावा आप चाहें तो इसमें छोटे प्रिंट वाली टी शर्ट भी ले सकती हैं। इससे भी आपका लुक अच्छा लगेगा।

### प्रिंट वाली लूज टी शर्ट

आप इस फोटो में नजर आने वाली लूज टी शर्ट को स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक भी कम्फर्टेबल रहेगा। साथ ही, इस टी शर्ट को आप किसी भी चीज के साथ मैच करके वियर कर पाएंगी। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की टी शर्ट आपको 200 से 400 रुपये में मिल जाएगी।

### फ्रूटी प्रिंट वाली टी शर्ट

आप सुंदर नजर आएंगी जब आप फ्रूटी प्रिंट वाली टी शर्ट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की टी शर्ट पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इसमें आपको फ्रंट पर आपको फ्रूट प्रिंट मिलेगा। इससे आपका लुक कम्फर्टेबल नजर आएंगी। मार्केट में इस तरह की टी शर्ट 200 से 400 रुये में मिल जाएगी।

### मल्टी कलर प्रिंट वाली टी शर्ट

सुंदर दिखना हम सभी को पसंद होता है। ऐसे में आप भी मल्टी कलर प्रिंट वाली टी शर्ट को स्टाइल कर सकती हैंष इस तरह की टी शर्ट पहनने के बाद अच्छी लगेगी।

## डेली वियर के लिए बेस्ट हैं फ्लावर शेप पेंडेंट, लड़कियां जरूर करें ट्राई

अपने लुक को भीड़ से अलग और अट्रैक्टिव बनाने के लिए अगर आप भी खूबसूरत ऑउटफिट के साथ हर एक चीज का बड़ा ध्यान रखती हैं, तो ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे खूबसूरत और लेटेस्ट ट्रेंडिंग पेंडेंट डिजाइन बताएंगे, जिन्हें आप डेली वियर में पहनकर अपने लुक को डिफरेंट बना सकती हैं। आइए जानते हैं इन पेंडट डिजाइन के बारे में।

### लेटेस्ट ट्रेंडिंग पेंडेंट डिजाइन

अगर आपको भी बाकि लड़कियों की तरह एक्सेसरीज पहनने का बहुत शोक है और आप भी अपने लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए कई प्रयास करती हैं, तो अब आप इस खूबसूरत स्टाररी नाइट्स एमराल्ड पेंडेंट को ट्राई कर अपने लुक को एलिगेंट टच दे सकती हैं। इस तरह के पेन्डेन्ट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह आसानी से मिल सकते हैं।

### खूबसूरत एमराल्ड फ्लावर पेंडेंट

यही नहीं अगर आप ऑफिस, कॉलेज या अपने दोस्तों के साथ बहार जाने का प्लान कर



रही हैं और आप अपने लुक से अपने सभी दोस्तों को खुश करना चाहती हैं, तो अब आप न सिर्फ अपने आउटफिट बल्कि कुछ एक्सेसरीज ट्राई कर आप अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं। आप अपने ऑउटफिट के साथ इस खूबसूरत एमराल्ड फ्लावर पेंडेंट को शामिल कर सकती हैं।

### ऑर्नेट पर्ल पेंडेंट

आप इस खूबसूरत पेन्डेन्ट को भी ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीद कर इसे डेली वियर में पहन सकती हैं।इस पेंडेंट को पहनकर आप रोजाना अपने ऑफिस या कॉलेज में अपनी खूबसूरती से सभी को खुश कर सकती है। इस तरह के पेन्डेन्ट को आप अपने किसी भी आउटफिट के साथ शामिल कर अपने लुक को क्लासी और मॉडर्न टच दे सकती हैं। इ

## चेहरे को बनाएं साफ और ग्लोइंग इस्तेमाल करें बेसन और टमाटर

जब भी हमारे चेहरे पर डलनेस नजर आती है, तो ऐसे में हम बेसन का इस्तेमाल करते हैं। बेसन को लगाने से चेहरे पर मौजूद टैनिंग भी कम हो जाती है। लेकिन इसे हम हमेशा दही या हल्दी के साथ इस्तेमाल करते हैं। इसे आप टमाटर के साथ इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन साफ के साथ ग्लोइंग नजर आएगी। चलिए आपको बताते हैं कैसे आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही, इसके क्या फायदे होते हैं।

### टमाटर और बेसन फेस पैक के फायदे

बेसन और टमाटर को चेहरे पर लगाने से त्वचा साफ हो जाती है। इन दोनों चीजों को साफ में लगाने से आपके चेहरे पर एक्ने और पिंपल्स की समस्या कम होती है। ऑयली स्किन के लिए ये दोनों चीजें अच्छी होती हैं। सन टैन और डेड स्किन के लिए भी आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

**टमाटर और बेसन के फेस पैक का कैसे करें इस्तेमाल:** आप इसके लिए एक कटोरी में टमाटर को घीसकर इसका पल्प निकाल लें। इसमें 2 चम्मच



बेसन को मिक्स करें। इसके बाद इसमें हल्का सा शहद मिक्स करके इसे मिलाएं। इस पेस्ट को आप ब्रश की मदद से लगाएं। फिर इसे 10 से 15 मिनट के लिए सूखने दें। इसके बाद पानी से चेहरे को साफ करें। इससे आपकी त्वचा साफ हो जाएगी।

**इन बातों का रखें ध्यान:** आप अपने चेहरे पर इसे लगाने से पहले एक्सपर्ट राय जरूर लें। अगर आपकी सेंसेटिव स्किन है, तो इसके लिए आप पैच टेस्ट जरूर करें। चेहरे पर किसी तरह की अन्य समस्याएं हैं, तो ऐसे में आप बेसन के साथ किसी भी नई चीज को न लगाएं।

### कार्नर न्यूज

### साल 2025 में पुरुषों के कई फैशन प्रोडक्ट हैं ट्रेंड में

## पुरुषों के लिए बेस्ट मेकअप ट्रेंड और प्रोडक्ट की मची है धूम, इस्तेमाल करने से पहले जानिए सबकुछ

मेकअप पर सिर्फ महिलाओं का एकाधिकार खत्म हो चुका है। अब मेकअप वाला ट्रेंड पुरुषों की लाइफस्टाइल में भी एंट्री कर चुका है। ये एंट्री कुछ ऐसी हुई है कि बड़े शहरों के ज्यादातर पुरुष अब मेकअप ट्रेंड फॉलो करते हैं।

तब ही तो अब महिलाओं के साथ पुरुषों के मेकअप ट्रेंड भी खूब वायरल होते हैं। इस साल के लिए पुरुषों का मेकअप ट्रेंड आ चुका है। 2025 में पुरुषों का मेकअप ट्रेंड ऐसा है जो उनके लुक को सच में बेहतर बनाएगा।

पुरुषों के लिए इन मेकअप ट्रेंड को आप भी जानिए ताकि आपको भी अपने लुक पर मिलें फुल मार्क्स, चलिए पुरुषों के लिए 2025 ट्रेंड और प्रोडक्ट से रूबरू होते हैं-

### आइब्रो की ग्रूमिंग

मेकअप के ढेरों ट्रेंड आने के बाद भी आइब्रो के मेकअप पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है। बाकी चेहरे पर भले ही महंगे प्रोडक्ट लगा लिए जाएं लेकिन आईब्रो ऐसी ही रह जाती है। ऐसा महिलाओं के साथ भी होता है। फिर जब बात



पुरुषों की हो तब तो इसे भूल ही जाइए।

लेकिन 2025 का ट्रेंड ये कहता है कि पुरुषों को मेकअप करते हुए अपनी आइब्रो के मेकअप पर भी ध्यान देना होगा। वो ब्रो पेंसिल से खाली जगहों को भर सकते हैं तो आइब्रो को शेप भी दे सकते हैं। इससे लुक में बहुत अंतर आ जाता है।

**बीबी क्रीम:** बीबी क्रीम ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है जिसे लाइटवेट फाउंडेशन, कंसीलर और मॉइश्चराइजर के तौर पर इस्तेमाल क्या जा सकता है। इसको स्किन कलर को ईवेन टोन दिखाने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

अगर स्किन में कोई दिक्कत है तो ये बीबी क्रीम उसको भी ढक लेती है। इसका फायदा ये भी होता है कि इस क्रीम को लगाने के बाद भी लगेगा ही नहीं कि मेकअप का इस्तेमाल किया गया है। नया ट्रेंड फाउंडेशन की जगह बीबी क्रीम को पुरुषों के साथ मेकअप के साथ जोड़ता है।

**मस्कारा:** अभी तक पुरुषों को मस्कारा लगाते नहीं देखा जाता था। लेकिन 2025 का ट्रेंड कहता है कि पुरुष भी अपने मेकअप में मस्कारा को जोड़ सकते हैं। इससे पुरुषों के



लुक में पलकें भी पूरा योगदान देंगी। मस्कारे से पुरुषों की पलकों को काफी वॉल्यूम मिल जाता है। इसके साथ पुरुष ड्रामेटिक लुक के लिए काले और भूरे रंग में से किसी एक का चुनाव कर सकते हैं।

**कंसीलर:** पुरुष मेकअप करेंगे तो फाउंडेशन भले ही चुन लें लेकिन कंसीलर इस्तेमाल करने का तो सोचते भी नहीं होंगे। लेकिन पुरुषों के लिए 2025 का मेकअप ट्रेंड कहता है कि उन्हें भी कंसीलर जरूर इस्तेमाल करना चाहिए। दरअसल कंसीलर डार्क सर्कल के साथ दाग-धब्बों को भी छुपा लेता है। कंसीलर का वो शेड लें जो आपकी स्किन टोन से पूरी तरह मैच करता हो। चेहरे पर ये नेचुरल लगे, इसके लिए कंसीलर को हाथों या ब्रश से ही लगाएं।

**लिप बाम:** पुरुष लिपस्टिक तो नहीं लगाएंगे लेकिन फटे हुए होंठ आपका लुक जरूर बिगाड़ देंगे। इसलिए एक अच्छा लिप बाम आपके पास जरूर होना चाहिए। इनके साथ अब कलर का ऑप्शन भी आता है।